Website:- www.Janmarg.com
TITLE CODE:- T/RJ/2024/211
e-mail :morningjanmarg@gmail.com
निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, शनिवार, 08.02.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 285 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692

अमेरिका 487 और अवैध भारतीय प्रवासियों को भारत भेजेगा

जनमार्ग न्यूज

वॉशिंगटन। विदेश मंत्रालय मे शुक्रवार को बताया कि अमेरिका ने 487 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजने के लिए चिह्नित किया है। इनमें से 298 लोगों के बारे में जानकारी दी गई है। इससे पहले 4 फरवरी को 104 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत डिपोर्ट किया गया था। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि आगे इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि भारतीयों को भेजते वक्त कोई दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए। ऐसा कोई भी मामला हमारे सामने आएगा तो हम उसे अमेरिका के सामने उठाएंगे। मिस्री ने बताया कि भारतीयों को 4 फरवरी को भारत भेजते वक्त उनके साथ दुर्व्यवहार के मुद्दे को अमेरिकी अधिकारियों के सामने उठाया है। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों को गुमराह करके अवैध तरीके से अमेरिका भेजना कैंसर जैसी बीमारी है। ऐसा करने वालों पर केस होना चाहिए। विदेश सचिव ने कहा कि डिपोर्टेशन कोई नई बात नहीं है। इस बारे में विदेश मंत्री ने भी 6 फरवरी को संसद में बयान दिया था। दुनिया का कोई भी देश अगर अपने नागरिकों को वापस स्वीकार करना चाहता है तो उसे यह यकीन चाहिए होता है कि जो भी लौट रहा है वह उसका नागरिक है।

लोग भोला समझते हैं, लेकिन मैं सूद समेत चुकाता हूं: भजनलाल

» सीएम ने राज्यपाल के अभिभाषण पर दिया जवाब » विधानसभा में खूब गरजे सीएम भजनलाल

जनमार्ग न्यूज

जयपुर। राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब दिया। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। विपक्ष को घेरते हुए सीएम ने विधानसभा में सवाल पूछा कि राजस्थान की जनता को कितना ठगोगे? पहले अपना आईना देखो, फिर आरोप लगाओ। अभिभाषण पर जवाब देते हुए विधानसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार, महंगाई और जनता के पैसे को लूटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 70 साल तक किसानों और गरीबों को लूटा है, लेकिन अब राजस्थान की जनता ने उन्हें सबक सिखा दिया है। अपने संबोधन के दौरान सीएम ने विपक्ष को संदेश देते हुए कहा कि आप मुझसे किसी कीमत पर जीत नहीं पाओगे। मैं किसान का बेटा हूं और राजस्थान की 8 करोड़ जनता के लिए काम करूंगा। आपको 20-25 साल तक भजन करना पड़ेगा, क्योंकि अब आपकी नींद उड़ चुकी है। उन्होंने ईआरसीपी, फोन टैपिंग, गहलोत सरकार की नीतियों, और कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई जैसे मुद्दों पर जमकर प्रहार किया। उनके संबोधन के चलते विधानसभा में माहौल गरम हो गया और कांग्रेस

विधायकों ने हंगामा जमकर किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फोन टैपिंग के मुद्दे पर कांग्रेस पर करारा वार करते हुए गहलोत सरकार के दौरान की फोन टैपिंग की अखबारी कटिंग सदन में दिखाई और कहा कि आप हम पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन खुद के कार्यकाल को भूल गए? मैं आपको आईना दिखाने आया हूं। सीएम भजनलाल ने कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी पर निशाना साधते हुए कहा कि आज उन 'निकम्मों' को बुला लेते, जिनके लिए ये शब्द इस्तेमाल किए गए थे। कांग्रेस को पहले ये बताना चाहिए कि 'निकम्मा' किसे कहा गया था? इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर जवाबी हमला करते हुए कहा कि विपक्ष वाले कहते हैं कि मुख्यमंत्री बड़ा भोला है। मैं ब्याज नहीं रखता, सूद समेत चुका देता हूं। सीएम भजनलाल ने कहा कि इन्हें माल खाने की आदत पड़ी हुई है और माल खाने में कौन-कौन है इसकी सूची भी मेरे पास है। एक-एक का पता है कि कौन माल खाने वाला है। मैं किसान का बेटा हूं, मैं किसान के पैसे को बर्बाद नहीं होने दूंगाज आपको माल नहीं खाने दूंगा। सीएम ने बताया कि मैं तुम्हारी मेहरबानी पर नहीं हूं। सीएन ने कहा कि मुझे राजस्थान की जनता ने बनाया है और यही मेरे जनप्रतिनिधि हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मणगढ़ से आने वाले हमारे सदस्य ने राज्यपाल के अभिभाषण में बिना सोचे समझे बोलते हैं जो कि उनकी आदत है। सीएम ने पीसीसी चीफ डोटासरा पर मजाकिया अंदाज में तंज कसते हुए कहा कि गमछा हिला रहे थे, मोरिया किसका बोला, ये तो बताओ भाई? सीएम भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई उबर कर बाहर आ रही है। राजस्थान के इतिहास में पहली बार एक ऐसे किसान परिवार से आने वाले व्यक्ति को इस मौके से वंचित करने के लिए षड्यंत्र रचा गया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम आज

● एलजी के आदेश पर केजरीवाल के घर पहुंची सीबीआई

BJP
aap
AAM AADMI PARTY

जनमार्ग न्यूज

नई दिल्ली। आज शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम आएगा। इसी बीच चुनाव परिणाम से एक दिन पहले दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा उनके विधायकों और कैंडिडेट्स को फोन पर 15-15 करोड़ के ऑफर दिए। केजरीवाल ने सुबह 11.30 बजे सभी 70 कैंडिडेट्स की मीटिंग ली थी। केजरीवाल के आरोपों के बाद भाजपा ने दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना को पत्र लिखकर आरोपों की जांच की मांग की। इसके बाद एलजी ने एंटी करप्शन ब्यूरो को मामले की जांच के आदेश दिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसीबीकी टीम केजरीवाल, सांसद संजय सिंह और मुकेश अहलावत के घर जांच के लिए पहुंची। करीब डेढ़ घंटे तक केजरीवाल के घर में जांच की, लीगल नोटिस दिया और रवाना हो गई। केजरीवाल ने 6 फरवरी को 3 एजेंसियों का एग्जिट पोल आने के बाद यह आरोप लगाए। दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 सीटों के लिए 5 फरवरी को 60.54 प्रतिशत मतदान हुआ। नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। केजरीवाल ने चुनाव आयोग पर फॉर्म 17सी को अपलोड करने से इनकार करने का आरोप लगाया। इससे दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में डाले गए वोटों की कुल संख्या का डेटा मिलता है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने एक वेबसाइट बनाई है। जिस पर हर विधानसभा के सभी फॉर्म-17 सी अपलोड कर दिए हैं। इस फॉर्म में हर बूथ पर डाले गए वोटों का पूरा ब्योरा है। दिनभर हम हर विधानसभा और हर बूथ का डेटा सारणीबद्ध प्रारूप में भी पेश करेंगे, ताकि हर मतदाता इस जानकारी तक पहुंच सके।

सड़क हादसे में चार रेजिडेंट डॉक्टर घायल

जनमार्ग न्यूज

बीकानेर। बीकानेर में हुए एक सड़क हादसे में पिकअप ड्राइवर की मौत हो गई। वहीं कार सवार चार रेजिडेंट डॉक्टर्स गंभीर घायल हो गए। हादसा शुक्रवार सुबह 11 बजे बीकानेर-चूरू हाईवे पर परसनेऊ गांव के पास हुआ। चारों घायलों का इलाज बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार रेजिडेंट डॉ. गरिमा गहलोत, डॉ. ईशा गुप्ता, डॉ. घनांशु पूनिया और डॉ. हरेन्द्र सिंह बीकानेर से झुंझुनूं की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप से इनके कार की टक्कर हो गई। चारों ब्रेजा कार में सवार थे। आमने-सामने हुई टक्कर में पिकअप ड्राइवर की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर राजलदेसर थाना क्षेत्र के थानाधिकारी कमलेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चारों रेजिडेंट डॉक्टर पोस्टिंग के लिए झुंझुनूं जा रहे थे।

तस्करी कर लाया गया 15 करोड़ रुपये का डोडा पोस्त पकड़ा

- कंटेनर को एस्कॉर्ट कर रही थी इनोवा गाड़ी
- गिरफ्तार तीनों आरोपी मध्य प्रदेश के निवासी

जनमार्ग न्यूज

जयपुर। राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स(एजीटीएफ) की सूचना पर दौसा जिले में मानपुर थाना व जिला विशेष पुलिस दल (डीएसटी) ने बीती रात नेशनल हाईवे पर सीकरी मोड़ के पास नाकाबंदी में एक ट्रक कंटेनर से भारी मात्रा में करीब 7003 किलो डोडा पोस्त जब्त किया। साथ ही ट्रक कंटेनर के चालक व खलासी सहित एस्कॉर्ट कर रही लग्जरी गाड़ी इनोवा के चालक को गिरफ्तार किया गया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 करोड़ रुपए आंकी गई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ) दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं, जो 1300 किलोमीटर दूर झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र रांची से चावल परिवहन के बिल एवं बिल्टी की आड़ में पोस्त तस्करी कर जोधपुर सप्लाई करने आ रहे थे।

For Rent
Vacant for Rent, from March 25 onwerd, 20 Vinayak Vihar, 30×60 hall, Ground floor, Commercial Hall , Baba Ramdev Road.
Please Contact
8005763176

नहर पुल पर बाइक भिड़ंत में बेलदार की मौत

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। सादुलशहर थाना क्षेत्र में खाट सजवार-मन्नीवाली के बीच पीटीपी नहर पुल पर आज दोपहर दो मोटरसाइकिलों के टकराने से सिंचाई विभाग के एक बेलदार की मृत्यु हो गई। पुलिस के मुताबिक बेलदार रामकुमार (58) निवासी किशनपुर उतरादा आज दोपहर मोटरसाइकिल पर नहर पुल से होते हुए जा रहा था। पुल पर दूसरे मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। टक्कर होते ही रामकुमार नहर में गिर गया। लोगों ने उसे बाहर निकला, तब तक उसकी मृत्यु हो गई थी। दूसरे मोटरसाइकिल का सवार हादसे में घायल हो गया, जिसे सादुलशहर में प्राथमिक उपचार के बाद श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया। घायल होने वाला यह शख्स छापांवाली गांव का निवासी बताया जाता है।

कलक्टर ने पुलिस थाना व एसडीएम कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

● अधिकारियों को दिये रिकॉर्ड संधारण के निर्देश

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। उपखण्ड क्षेत्र सादुलशहर में शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने पुलिस थाना, पंचायत समिति, तहसील, एसडीएम ऑफिस का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने राजकीय कार्यालयों का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सादुलशहर पहुंचने के बाद जिला कलक्टर ने सबसे पहले पुलिस थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस थाना प्रभारी से थाने में दर्ज परिवादों की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलक्टर ने पंचायत समिति,

तहसील कार्यालय और एसडीएम ऑफिस का निरीक्षण किया। पंचायत समिति निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने पीएम आवास योजना की प्रगति पर चर्चा की जबकि तहसील और एसडीएम ऑफिस की रीडर शाखा में फाइलों के समुचित संधारण और ई-फाइलिंग के माध्यम से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों में समयबद्ध रूप से कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कार्यवाहक उपखंड अधिकारी प्रशिक्षु आईएएस रजत यादव, तहसीलदार श्रीमती रजनी चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

उस्मानखेड़ा में बर्फानी गुफा ले रही आकार, निर्माण कार्य जारी

● श्री अमरनाथ लंगर सेवा समिति की ओर से लगते हैं तीन विशाल भंडारे

● गुजरात, महाराष्ट्र व अन्य राज्यों के श्रद्धालु बर्फानी गुफा में करते हैं आराम

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। अबोहर मार्ग पर स्थित उस्मानखेड़ा गांव के नजदीक स्थित श्री अमरनाथ लंगर सेवा समिति बर्फानी भवन के भवन का निर्माणाधीन कार्य प्रगति पर है। पिछले करीब 13 वर्षों से समिति की ओर से भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व अन्य राज्यों से अमरनाथ व मां वैष्णों देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के आराम करने के लिए यह स्थान काफी उत्तम है। श्री अमरनाथ लंगर सेवा समिति ने श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उस्मानखेड़ा स्थित बर्फानी भवन में 70×90 फुट का हॉल निर्माणाधीन है। हॉल का कार्य पूर्ण होने के बाद यहां रूकने वाले श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी। अमरनाथ लंगर सेवा समिति के संरक्षक श्यामलाल सोतरा ने बताया कि वर्ष 1994 में अमरनाथ गुफा पर पहला भंडारा लगाया गया था। इसके बाद कारवां जुड़ता गया। सोतरा ने

बर्फानी भवन
श्री अमरनाथ लंगर सेवा समिति (रजि.)

बताया कि करीब 13 वर्ष पूर्व बर्फानी भवन दो छोटे कमरों के साथ शुरु हुआ था, जो आज काफी बड़ा आकार ले चुका है। समिति के संरक्षक सोतरा ने बताया कि गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नहाने व खाने की व्यवस्था है। समिति के अध्यक्ष रवि झाम्ब ने बताया कि अन्य राज्यों से अमरनाथ, वैष्णों देवी जाने वाले यात्रियों को राजस्थान में अन्य कहीं ऐसा स्थान नहीं मिलता, जैसी सुविधाएं बर्फानी गुफा में मिल रही है। अध्यक्ष ने बताया कि बर्फानी भवन के निर्माण में सहयोगी संस्थाओं से सहयोग मिलता है, परंतु संस्था का मुख्य उद्देश्य लंगर है। अध्यक्ष ने बताया कि श्री अमरनाथ लंगर सेवा समिति की ओर से बालटाल बैस कैंप, गुफा के नजदीक व उस्मानखेड़ा में तीन लंगर लगते हैं। श्री अमरनाथ लंगर सेवा समिति के कोषाध्यक्ष राजेश भाटिया ने बताया कि बर्फानी भवन में अभी दो एसी कमरे व दो छोटे हॉल है। इसके अलावा एक बड़े भवन का कार्य जारी है। राजेश भाटिया ने बताया कि समिति के पास जो सहयोग राशि आती है उसे भंडारे में सहयोग किया जाता है। बर्फानी गुफा के लिए अलग से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। समिति की ओर से बर्फानी गुफा का निर्माण करवाया जा रहा है। समिति के कोषाध्यक्ष राजेश भाटिया ने बताया कि हॉल का निर्माण पूरा होने के बाद इसके ऊपर बर्फानी गुफा का निर्माण करवाया जाएगा, जो देखने में काफी सुंदर होगा। बर्फानी गुफा का निर्माण कार्य लगातार जारी है।

राजस्थान में पुलिस कॉन्स्टेबल के 6500 पदों पर होगी भर्ती

● सिलेक्शन के लिए होगा रिटन और फिजिकल टेस्ट

जनमार्ग न्यूज

जयपुर। राजस्थान के पुलिस विभाग में कॉन्स्टेबल के 6500 पदों पर भर्ती होगी। गृह विभाग ने इसकी मंजूरी दे दी है। अब जल्द ही नोटिफिकेशन जारी होने के साथ भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सरकार से पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। इसके साथ ही पुलिस विभाग में भर्ती और पदोन्नति बोर्ड के अतिरिक्त महानिदेशक विपिन कुमार पांडेय ने आरएसी बटालियन, जयपुर और जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के साथ ही प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को लेटर भेजा है। इसमें उन्होंने जिलेवार पुलिस कॉन्स्टेबल के रिक्त (खाली) चल रहे पदों की जानकारी मांगी है। राजस्थान के पुलिस विभाग में कॉन्स्टेबल के 6500 पदों पर भर्ती रिटन टेस्ट, फिजिकल टेस्ट और डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर की जाएगी। रिटन टेस्ट में शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया जायगा। फिजिकल टेस्ट क्लियर करने वाले अभ्यर्थियों को डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा। उसके बाद फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) सेकेंडरी लेवल पास करने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगे। पिछले दिनों कर्मचारी चयन बोर्ड ने सीईटी का आयोजन किया था। इस परीक्षा के पात्र अभ्यर्थी ही अब भविष्य में होने वाली कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

सम्पादकीय

मौत से खेल रहे युवा

सोशल मीडिया के इस दौर में सेल्फी लेने का चलन बेतहाशा बढ़ा है। खासकर युवा एक दिन में कई-कई बार सेल्फी लेते हैं और उसे सोशल मीडिया के अलग-अलग मंचों पर साझा करते हैं। उच्च गुणवत्ता के कैमरे से लैस मोबाइल फोन अब मौत का सबब बन रहे हैं। बार-बार स्वयं की अच्छी तस्वीर लेने की लत कब बेलगाम भूख में तब्दील होती गई, इसका अहसास तब हो रहा है, जब सेल्फी लेते लोगों, खासकर युवाओं की जिंदगी दांव पर लग गई दिखती है। पिछले कुछ समय से युवा पीढ़ी में इसका नशा इस कदर हावी होता जा रहा है कि वे अपनी फिक्र करना भी जरूरी नहीं समझ रहे। नतीजतन,ऐसा करते हुए कोई झील में डूब जाता है, तो कोई पहाड़ से गिर जाता है या फिर रेलगाड़ी की चपेट में आ जाता है। सेल्फी के प्रति इतनी दीवानगी की वजह समझने की आवश्यकता है। खुद की खास तस्वीर लेने के फेर में लोग अपनी जिंदगी को खतरे में डालने से नहीं हिचकिचा रहे, तो इसका अर्थ है कि वे ऐसी मानसिक अवस्था में हैं, जो यथार्थ से दूर है। गौरतलब है कि मंगलवार को महाराष्ट्र के ठाणे में दोस्तों के साथ सेल्फी ले रहा एक युवक यह देख नहीं सका कि कोयना एक्सप्रेस तेज रफ्तार से आ रही है। रेलगाड़ी की चपेट में आकर हुई इस युवक की मौत इस तरह का कोई पहला मामला नहीं है। सोशल मीडिया के इस दौर में सेल्फी लेने का चलन बेतहाशा बढ़ा है। खासकर युवा एक दिन में कई-कई बार सेल्फी लेते हैं और उसे सोशल मीडिया के अलग-अलग मंचों पर साझा करते हैं। यह प्रवृत्ति उनकी मन-स्थिति को दर्शाती है। लंदन की नाटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी और तमिलनाडु के त्यागराज स्कूल आफ मैनेजमेंट के साझा अनुसंधान का निष्कर्ष है कि अगर किसी का दिन भर में तीन से ज्यादा सेल्फी लेने से मन नहीं भरता, तो उसे कोई विकार है। यह लत अब घातक होती जा रही है, क्योंकि एक आकलन के मुताबिक सेल्फी लेते हुए सबसे ज्यादा मौत इस समय भारत में हो रही है। इसकी वजह सिर्फ स्मृतियों को संजोने तक सीमित नहीं हो सकती। दरअसल, लोग दूसरों से अलग दिखना चाहते हैं। मगर इस क्रम में अपनी जान गंवा देने तक की लापरवाही बरतने को कैसे उचित माना जा सकता है? सोशल मीडिया के इस दौर में सेल्फी लेने का चलन बेतहाशा बढ़ा है। खासकर युवा एक दिन में कई-कई बार सेल्फी लेते हैं और उसे सोशल मीडिया के अलग-अलग मंचों पर साझा करते हैं। उच्च गुणवत्ता के कैमरे से लैस मोबाइल फोन अब मौत का सबब बन रहे हैं।

विकास, नवाचार और समावेशिता की दिशा में एक मास्टरस्ट्रोक

नया बजट मोदी सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो भारत को निरंतर आर्थिक विकास, नवाचार और सामाजिक समावेशिता की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और आर्थिक अस्थिरता के बीच, यह बजट एक दूरदर्शी और साहसिक खाका पेश करता है, जो तात्कालिक चुनौतियों और दीर्घकालिक आकांक्षाओं दोनों को पूरा करता है। यह बजट केवल आर्थिक विकास को गति देने का साधन नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास के लाभ देश के प्रत्येक कोने तक पहुंचें। विशेष रूप से मध्यम वर्ग, किसानों, युवाओं और उद्यमियों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह सिर्फ एक वित्तीय दस्तावेज नहीं है, बल्कि भारत की आर्थिक रूपरेखा को बदलने, लोगों को सशक्त बनाने और वैश्विक स्तर पर देश की स्थिति मजबूत करने का रोडमैप है।

कृषि और ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना : बजट के केंद्र में कृषि और किसानों के कल्याण के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। कृषि क्षेत्र, जो भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, को इस बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है। राष्ट्रीय उच्च उत्पादकता बीज मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना जैसी पहलों के माध्यम से 100 कृषि जिलों में आधुनिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे लगभग 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा, पांच वर्षीय कपास उत्पादकता मिशन और आत्मनिर्भरता के लिए दलहन मिशन (विशेष रूप से तुअर, उड़द और मसूर पर ध्यान केंद्रित करते हुए) भारतीय कृषि को आत्मनिर्भर, सतत और लाभकारी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के अल्पकालिक ऋण की सुविधा प्रदान कर 7.7 करोड़ किसानों और कृषि श्रमिकों को सशक्त किया जाएगा। पारंपरिक कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) के तहत जैविक खेती को बढ़ावा देना और कृषि के डिजिटलीकरण की दिशा में उठाए गए कदम, वैश्विक स्तर पर टिकाऊ कृषि की ओर बढ़ने की रणनीति के अनुरूप हैं।

संघ बजट 2025 केवल एक वित्तीय दस्तावेज नहीं है; यह 'नए भारत' की परिकल्पना का घोषणापत्र है। यह समावेशी, सतत और भविष्य के लिए तैयार भारत की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है।किसानों, उद्यमियों, छात्रों और शहरी नागरिकों की आवश्यकताओं को संतुलित करते हुए, यह बजट भारत के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। बजट 2025 एक मजबूत, आत्मनिर्भर और वैश्विक भारत की दिशा में नए युग की शुरूआत है।

बजट से रेल को मिलेगी नई गति

संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब 2025-26 का बजट प्रस्तुत कर रही थीं तब यह संभावना तो थी कि यह बजट कुछ अलग होगा, लेकिन यह बजट इतना शानदार और उम्मीदों से भी ऊपर होगा, ऐसी उम्मीद शायद किसी को नहीं थी। इस बजट ने लगभग सभी वर्ग की झोलियां भरी हैं। साथ ही अधिकतर मंत्रालयों को भी इतना कुछ दिया है कि उनकी पुरानी योजनाएं तो अविरल चलती ही रहेंगी। फिर नया कुछ भी इतना होगा जो देश को विकसित भारत बनाने के साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में भी सहायक रहेगा।

इधर रेल मंत्रालय की बात करें तो यह मंत्रालय देश के लिए ब्रिटिश राज से ही बेहद अहम रहा है। ब्रिटिश सरकार में रेल मंत्रालय का बजट पहले आम बजट का हिस्सा था। लेकिन सन 1921 में तत्कालीन 'ईस्ट इंडिया रेलवे कमेटी' के अध्यक्ष विलियम एक्वर्थ ने रेलवे के विकास के लिए, अपने वित्तीय प्रबंध अलग से तैयार करने की सिफ़ारिश की। तत्पश्चात 1924 से भारत में रेल बजट अलग से प्रस्तुत करने की शुरुआत हो गयी। मोदी सरकार में पहले तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने और फिर पीयूष गोयल ने 2016 में अंतिम बार रेल बजट पेश किया। रेल बजट को 92 वर्ष तक अलग पेश करने की परंपरा तब टूटी, जब 2017 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने रेल बजट का आम बजट में विलय कर दिया।

असल में सन 2014 में नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही भारतीय रेल का कायापलट करने के लिए जिस तरह का कृत संकल्प लिया,वह अद्भुत था। रेलवे के प्रति उस तरह का भव्य सपना उनसे पूर्व शायद किसी ने नहीं देखा होगा। क्योंकि मोदी सरकार से पहले भारतीय रेल अपनी स्थापना के 160 साल बाद भी अपने अपेक्षित गंतव्य पर नहीं पहुंच सकी। ऐसा नहीं कि पूर्व वर्षों में भारतीय रेल में कुछ विकास नहीं हुआ। कई बड़े काम, बदलाव, सुधार और विकास हुए लेकिन वैश्विक स्तर पर यूरोपीय देशों के साथ जापान और चीन ने रेल परिवहन को जो शिखर दिया,उसके सामने हम बहुत पिछड़े रहे। मिसाल के तौर पर देश में बिजली से चलने वाली पहली रेल ठीक 100 साल पहले 3 फरवरी 1925 को चल गयी थी। लेकिन भारतीय रेल में शत प्रतिशत विद्युतीकरण आज तक नहीं हो सका। मोदी सरकार ने अपने पिछले 10 साल में भारतीय रेल को 95 प्रतिशत विद्युतीकरण कर दिया है। लेकिन इसका शत प्रतिशत कार्य इस नए बजट के माध्यम से आगामी एक वर्ष में ही हो सकेगा। रेलवे का पिछड़ने का कारण इसका कम बजट भी रहा। देश स्वतंत्र होने के बाद सन् 1947-48 के लिए देश के प्रथम रेल मंत्री जॉन मथाई ने जो पहला रेल बजट पेश किया उसमें रेलवे को 14 करोड़ 28 लाख रुपये आवंटित किए गए। उधर मोदी सरकार से पूर्व वर्षों में तो रेलवे का बजट मात्र 20 से 25 हजार करोड़ होता था। जबकि इस बरस वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के लिए रेल मंत्रालय को 2 लाख 52 हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित कर भारतीय रेल के भविष्य को और उज्ज्वल करने के मार्ग को 'ग्रीन सिग्नल' दे दिया है। इतने बड़े बजट से भारतीय रेल जल्द ही विश्व रेल परिवहन में अपनी बड़ी उपस्थिती दर्ज कराने के लिए अत्यंत तीव्र गति से बढ़ सकेगी। हालांकि गत वर्ष भी वित्त मंत्रालय ने रेल के लिए इतनी ही धन राशि आवंटित की थी तो इस

बरस समय के साथ यह राशि और बढ़ी क्यों नहीं? इस पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि लगातार इतनी बड़ी राशि मिलना भी बड़ी बात है। रेल मंत्री वैष्णव इस बजट को लेकर यह भी कहते हैं-'यह एक ड्रीम बजट है। इसमें भविष्य की प्रगति की आधारशिला है तो आज की आवश्यकताओं के लिए राहत भी। इसे रेलवे के आधुनिकीकरण और डिजिटल व्यवस्था को बढ़ोतरी के साथ,रेलवे सुरक्षा के लिए भी काम सुगमता से हो सकेंगे। फिर नयी रेल गाड़ियां चलाने के साथ बुलेट ट्रेन को जल्द पटरी पर चलाने का काम भी।' इधर इस बरस रेल को 2 लाख 52 हजार रुपये की राशि तो बजट से आवंटित हुई है, साथ ही 10 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त संसाधनों से जुटाने का प्रावधान भी है। इससे यह बजटीय राशि बढ़कर 2 लाख 62 हजार करोड़ हो जाएगी। फिर भारतीय रेल अपने आंतरिक संसाधनों से भी 3 हजार करोड़ रुपये और भी एकत्र कर सकेगी। देश में आधुनिक वंदे भारत रेल गाड़ियां चलने से रेल परिवहन एक नए युग में पहुंच गया है। अभी 136 वंदे भारत देशभर में चल रही हैं लेकिन इस बजट के बाद देश में 200 और वंदे भारत चलाने की योजना सफल हो सकेगी। पुराने रिकॉर्ड को देखते हुए संभावना है कि आगामी वर्ष में ही करीब 75 और वंदे भारत शुरू हो जाएंगी। इसी के साथ रेल मंत्रालय 100 'अमृत भारत' रेल चलाने की योजना को साकार रूप देने में जुट गया है। देश में अभी दो 'अमृत भारत' चल रही हैं। 'अमृत भारत' निम्न आयवर्ग और श्रमिकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। इन गैरवातानुकूलित गाड़ियों में भी वे लगभग तमाम सुविधाएं हैं जो वंदेभारत जैसी आधुनिक रेल में हैं। इनका किराया एक हजार किमी का सिर्फ 450 रुपये है, जिससे लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह आदर्श रेल है। इधर अब 200-250 किमी की कम दूरी की यात्रा के लिए भी 50 नमो भारत रैपिड ट्रेन भी जल्द शुरू हो सकेंगी। पहली नमो भारत रेपिड रेल अहमदाबाद और भुज के बीच 17 सितंबर 2024 को आरंभ हुई थी। इस सबसे भारतीय रेल को 17 हजार 500 नए सामान्य कोच और मिल सकेंगे। इस बजट में 4 लाख 60 हजार करोड़ रुपये नयी परियोजनाओं के लिए ही हैं। इससे अब देश में जहां 1300 नए आधुनिक रेलवे स्टेशन बनकर शुरू होने लगेंगे, वहीं एक हजार नए फ्लाईओवर्स और अंडरपास भी बनेंगे। वहीं अब 7500 किमी के पुराने ट्रैक बदलने और नए ट्रैक बनने का बड़ा काम भी होने जा रहा है। इस बजट में जो एक बड़ा काम और हो सकेगा, वह है रेलवे वर्कशॉप के आधुनिकीकरण का। इसके लिए 25 हजार करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान है।

वर्कशॉप के नवीनीकरण से भी भारतीय रेल को निश्चय ही एक नयी चमक मिलेगी। उधर रेल यात्रा की सुरक्षाओं को लेकर भी इस बजट में विशेष राशि है। जिससे सुरक्षा की कवच प्रणाली पर तेजी से काम शुरू हो सकेगा। अब 10 हजार नए कवच लगाने का प्रावधान है। रेल सुरक्षा के लिए इस बजट में एक लाख 16 हजार करोड़ रुपये हैं। कवच जल्द लग सकें, इसके लिए रेल ट्रैक के साथ बोगियों में भी बदलाव की जरूरत होती है, साथ ही प्रशिक्षित व्यक्तियों की भी। अब जहां रेल मंत्रालय ने 12 हजार व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया है, वहां पहले एक कवच को स्थापित करने में 23 दिन लगते थे। अब वही कवच मात्र 26 घंटे में लगाया जा सकेगा। इन सभी योजनाओं के अतिरिक्त देश दुनिया की नजर हमारे बुलेट ट्रेन के प्रोजेक्ट पर भी लगी है। मुंबई से अहमदाबाद मार्ग की देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का काम जापान के सहयोग से बहुत तेजी से चल रहा है। देश में हवा से बातें करती बुलेट ट्रेन को शुरू करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी पुराना स्वप्न है। ये नयी परियोजनाएं और बुलेट ट्रेन भारतीय रेल जगत को विश्व में एक नए शिखर पर ले जाएंगी।

> रेल मंत्रालय देश के लिए ब्रिटिश राज से ही बेहद अहम रहा है। ब्रिटिश सरकार में रेल मंत्रालय का बजट पहले आम बजट का हिस्सा था। लेकिन सन 1921 में तत्कालीन 'ईस्ट इंडिया रेलवे कमेटी' के अध्यक्ष विलियम एक्वर्थ ने रेलवे के विकास के लिए, अपने वित्तीय प्रबंध अलग से तैयार करने की सिफ़ारिश की। तत्पश्चात 1924 से भारत में रेल बजट अलग से प्रस्तुत करने की शुरुआत हो गयी। मोदी सरकार में पहले तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने और फिर पीयूष गोयल ने 2016 में अंतिम बार रेल बजट पेश किया। रेल बजट को 92 वर्ष तक अलग पेश करने की परंपरा तब टूटी, जब 2017 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने रेल बजट का आम बजट में विलय कर दिया।

सत्य में ऐसी शक्ति जो आपको सौ झूठ से बचाए

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं।

अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहाः मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

लड़की के पेट से निकले 1 किलो बाल

पिछले महीने बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में 9 साल की एक लड़की के पेट में तेज दर्द के बाद उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। जांच में उसके पेट में बड़े गुच्छे जैसा कुछ दिख रहा था। ऑपरेशन करने पर पता चला कि यह बालों का लगभग 1 किलो का गुच्छा है। पेरेंट्स ने बताया कि बच्ची को 3 साल की उम्र से अपने बाल तोड़कर खाने की आदत थी। घर वालों को लगा कि समझाने पर यह आदत चली जाएगी। जब लड़की डांटने और समझाने पर भी नहीं मानी तो उसके सिर के बाल कटवा दिए गए। इसके बाद बात आई-गई हो गई। कुछ महीने बाद जब लड़की ने पेट दर्द की शिकायत की और 15 दिन तक खाना नहीं खाया तो उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां पर पता चला कि उसके पेट में एक किलो के करीब बाल था। यह एक मेंटल हेल्थ डिसऑर्डर है, जिसमें इंसान अपने सिर और भौंह के बाल नोचने और खाने लगता है। विज्ञान की भाषा में इसे ट्राइकोटिलोमेनिया कहते हैं। इसका एक नाम 'हेयर पुलिंग डिसऑर्डर' भी हैं। अगर कोई बाल नोचकर खा रहा है तो इस कंडीशन को पीका कहते हैं। इसमें लोग ऐसी चीजें खाने लगते हैं, जो नॉन न्यूट्रिटिव हैं यानी जिनमें कोई पोषण नहीं हैं और जो मनुष्य का भोजन नहीं हैं। पीआईसीए में लोग सिर्फ बाल ही नहीं, बल्कि मिट्टी, चॉक, चूना जैसी चीजें भी खाने लगते हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूरी दुनिया में करीब 12 प्रतिशत बच्चे कभी-न-कभी पीआईसीए से ग्रसित होते हैं। ट्राइकोटिलोमेनिया और पीआईसीए दो अलग मेंटल हेल्थ कंडीशन हैं। ओसीडी (ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर), डिप्रेशन और एंग्जाइटी जैसी समस्या होने पर इसका जोखिम अधिक होता है। जबकि, पीआईसीए आमतौर पर छोटे बच्चों और प्रेग्नेंट महिलाओं को होता है। कुछ लोगों को ये दोनों मेंटल हेल्थ कंडीशन एक साथ हो सकती हैं। जिस बच्ची के पेट में बालों का गुच्छा मिला है, उसे दोनों बीमारियां एक साथ थीं। आमतौर पर शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने पर पीआईसीए डेवलप होता है। इसलिए पीआईसीए होने पर शरीर में पोषक तत्वों की कमी की जांच की जाती है। ज्यादातर लोगों में पीआईसीए की कंडीशन में एनीमिया जैसे लक्षण ही दिखते हैं। ट्राइकोटिलोमेनिया होने पर खुद के बाल नोचने की आदत को रोक न पाने की वजह से आत्मग्लानि और डिप्रेशन की समस्या हो सकती है। इससे शर्मिंदगी बढ़ती है और आत्मविश्वास कम हो जाता है। लोग समाज में मिलने-जुलने से बचने लगते हैं और अकेलापन बढ़ता जाता है। इसके अलावा बाल नोचने से गंजापन और इन्फेक्शन का जोखिम बढ़ता है। पीआईसीए होने पर पत्थर, मिट्टी, प्लास्टिक या मेटल्स जैसी असामान्य चीजें खाने से पाचन संबंधी समस्याएं बढ़ती हैं।

इसमें लोगों को अक्सर कब्ज और डायरिया जैसी दिक्कतें होती हैं। ट्राइकोटिलोमेनिया एक मेंटल हेल्थ कंडीशन है। इसलिए इसके इलाज में आमतौर पर कुछ थेरेपी की मदद ली जाती है। कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी यह सबसे अच्छा ट्रीटमेंट माना जाता है। इसमें शख्स की आदतों और सोचने के तरीके में बदलाव की कोशिश की जाती है। हैबिट रिवर्सल थेरेपी इसमें शख्स को बाल नोचने की जगह कोई दूसरी सुरक्षित आदत अपनाने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है, जैसे स्पंज बॉल दबाना या रबर बैंड खींचना। माइंडफुलनेस ट्रेनिंग इसमें स्ट्रेस मैनेजमेंट की कई टेक्निक सिखाई जाती हैं, जिनमें मेडिटेशन और योग की सलाह भी दी जाती है। पीआईसीए का ट्रीटमेंट जितनी जल्दी शुरू होता है, इसे ठीक करना उतना ही आसान होता है। मान लीजिए, किसी ने पेंट खाया है और इससे पेट में इन्फेक्शन हुआ है तो डॉक्टर चीलेशन थेरेपी देकर इसे पेशाब के रास्ते बाहर निकाल सकते हैं। लेकिन इस प्रक्रिया में जितनी देरी होगी, समस्या उतनी ही बढ़ती जाएगी। अगर डॉक्टर को आपके शरीर में पोषक तत्वों की कमी या असंतुलन दिख रहा है तो वह ट्रीटमेंट में विटामिन, आयरन या दूसरे सप्लीमेंट्स दे सकते हैं। अगर इसके पीछे की वजह कोई मेंटल डिसऑर्डर है तो डॉक्टर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट से थेरेपी लेने को कह सकते हैं। कई मामलों में पेशेंट्स को थेरेपी और दवा एक साथ दी जाती हैं। सही इलाज और थेरेपी की मदद से इसे पूरी तरह कंट्रोल किया जा सकता है। इसका इलाज जितनी जल्दी शुरू होता है, रिजल्ट्स भी उतने अच्छे मिलते हैं। इसके लिए अच्छे मनोचिकित्सक की मदद लेनी चाहिए। 2 से 6 साल की उम्र में अक्सर बच्चों को पीआईसीए की समस्या होती है। ज्यादातर मामलों में यह अपने आप ठीक हो जाती है। इस उम्र में बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास तेजी से हो रहा होता है। इसलिए उन्हें ज्यादा पोषक तत्वों की जरूरत होती है। बैलेंस्ड डाइट न मिलने पर शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है और पीआईसीए की समस्या होती है। पर्याप्त डाइट मिलने पर सबकुछ सामान्य हो जाता है।

जनमार्ग
सिटी न्यूज
JANMARG news
जनमार्ग
श्रीगंगानगर, शनिवार, 08 फरवरी 2025
» रायसिंहनगर » गजसिंहपुर » सादुलशहर » अनूपगढ़ » रामसिंहपुर » जैतसर » पक्कासहारणा » केसरीसिंहपुर » पदमपुर » लालगढ़ » मांझूवास » फकीरवाली » श्रीबिजयनगर

भारत स्काउट गाइड डायमंड जुबली जंबूरी के राजस्थान दल प्रथम रहा

❑ तीनों सर्वोच्च पताकाओं पर राजस्थान ने कब्जा किया ❑ श्रीगंगानगर की टीम का श्रेष्ठ प्रदर्शन

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित भारत स्काउट गाइड संगठन के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में तमिलनाडु के तिरूचिरापल्ली में स्पेशल डायमंड जुबली जंबूरी में राजस्थान राज्य के पूरे दल ने जंबूरी में आयोजित इंडिया कॉम्पिटिशन में नेशनल चीफ कमिश्नर अवॉर्ड के साथ चीफ कमिश्नर स्काउट शील्ड, चीफ कमिश्नर गाइड शील्ड तीनों में विजयी हासिल कर जीत का परचम लहराया। इस जंबूरी में श्रीगंगानगर का स्काउट गाइड़ दल सीओ गाइड मोनिका यादव के नेतृत्व में शामिल हुई ओर प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सीओ स्काउट इंद्राज सुथार ने बतायाकि इस डायमंड जंबूरी में पूरे भारतवर्ष से पंद्रह हजार से अधिक स्काउट्स गाइड्स ने सहभागिता की। जंबूरी में विभिन्न देशों के करीब 3000 स्काउट गाइड्स भी सम्मिलित हुए। डायमंड जुबली जंबूरी का समापन समारोह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया। इस विशेष जंबूरी में विभिन्न प्रकार की स्काउट गाइड विंग वार एवं सामूहिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मार्च पास्ट, कलर पार्टी, लोक नृत्य, कैम्प फायर, कैंप क्राफ्ट, बैंड प्रदर्शन , फिजिकल डिस्पले, फूड प्लाजा, प्रदर्शनी, झांकी प्रदर्शन, एसडीजी प्रोजेक्ट, वाचिंग टावर, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, फर्स्टएड, अनुमान लगाना, टेंट पिचिंग, एथेनिक शॉ, सिगनेलिंग, स्काउट गेट, गाइड गेट, गाइड रंगोली जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं में राजस्थान प्रदेश से सहभागिता कर रहे 1012 स्काउट्स गाइड्स एवं यूनिट लीडर्स ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समस्त प्रतियोगिताओ में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सबसे महत्वपूर्ण तीन पुरस्कार चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड स्काउट विभाग, चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड गाइड विभाग तथा चीफ नेशनल फ्लैग पर कब्जा बरकरार रखा। इसके साथ ही जंबूरी में आयोजित 22 प्रतियोगिताओं में से 21 प्रतियोगिताओं में राजस्थान दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की इस उपलब्धि पर पूरे दल को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान के कर्मठ स्काउट गाइड कार्यकर्ताओं एवं जोशीले स्काउट गाइड की मेहनत एवं लगन से संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का भारत स्काउट गाइड संगठन सदैव राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान की आन, बान और शान को बनाए रखता है और भविष्य में भी बनाए रखेगा।

इस अवसर पर नेशनल चीफ कमिश्नर डॉ. के.के. खंडेलवाल एवं तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री डॉ. कोवी चेझीयान ने राज्य सचिव डॉ. पी.सी.जैन, राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) पूरन सिंह शेखावत, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्ना लाल, राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) सुयश लोढा एवं राज्य मुख्यालय के अन्य पदाधिकारियों को तीनों शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्पेशल डायमंड जुबली जंबूरी में राजस्थान दल स्पेशल ट्रेन से जयपुर से त्रिची तमिलनाडु पहुंचा एवं अपने कौशल एवं समन्वित प्रयास करते हुए भारतवर्ष में राजस्थान की श्रेष्ठता साबित की।

श्रीगंगानगर जिले की टीम द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर स्थानीय संघ के अध्यक्ष एडवोकेट विनोद गोयल,सचिव रामकुमार स्वामी,चेयरमैन बलदेवकृष्ण नागपाल,रोवर लीडर प्रेम गम्भीर,सुरेश धींगडा,शशिकुमार शर्मा,रामकुमार,संयुक्त सचिव श्रीमती नीलम खुराना,भारत स्काउट व गाइड संगठन के अन्य अधिकारियों द्वारा जिले के स्काउट्स गाइड्स को शुभकामनाएँ दी गई।

बाबा रामदेव मंदिर मेला में लंगर भंडारे शुरू

जनमार्ग न्यूज

सूरतगढ़। सत्यम शिवम सुंदरम लंगर सेवा समिति की तरफ से बाबा रामदेव मंदिर मेला में यात्रीयों के लिए लंगर भंडारे शुरू किया गया। मुख्य यजमान पूर्व पालिका अध्यक्ष मास्टर ओम प्रकाश कालवा ने विधिवत पूजा अर्चना करके सत्यम शिवम सुंदरम लंगर भंडारे का शुभारंभ किया। पंडित पीतांबर दत्त शर्मा ने मंत्र उच्चारण के साथ पूजन करवाया। मुख्य यजमान पूर्व पालिका अध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश कालवा, पूर्व पार्षद हंसराज स्वामी, समिति के राकेश गौतम, चमकौर सिंह, महेंद्र जाटव, कश्मीरी लाल, किशन लाल, रमेश पेंटर, माधव सिंह, पवन कुमार, अजय कुमार, श्यामलाल, अजय कुमार, पूर्व पार्षद सुरेश गवारिया, रविंद्र नायक विधिवत पूजा अर्चना करके आरती के बाद लंगर भंडारे में प्रसाद वितरण किया। समिति के राकेश गौतम ने बताया सत्यम शिवम सुंदरम लंगर सेवा समिति की तरफ से मेले में आने वाले सभी यात्रियों के लिए निशुल्क भोजन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

सीटू अनाज मंडी मजदूर यूनियन का नौवां सम्मेलन संपन्न

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। अनाज मंडी मजदूर यूनियन सीटू का नौवां सम्मेलन हनुमानगढ़ जंक्शन में आयोजित किया गया, जिसमें मजदूरों के हितों और सरकार की नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता कामरेड मुकद्दर अली, कामरेड मकबूल खान, सहीराम और खेमाराम सहित चार सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा रोहण से हुई, इसके बाद जनवादी आंदोलनों में शहीद हुए मजदूर नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन का उद्घाटन सीटू के जिला उपाध्यक्ष कामरेड रामेश्वर वर्मा ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने केंद्र सरकार पर मजदूरों के अधिकारों को खत्म करने और श्रम कानूनों में संशोधन कर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया।

तपोवन ने समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम के तहत किया सर्वे

❑ दिव्यांग बच्चों को शिक्षण के साथ जोड़कर उन्हें सशक्तिकरण की ओर किया जाएगा अग्रसर

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। तपोवन मनोविकास विद्यालय, श्रीगंगानगर के तत्वाधान में तपोवन विशेष शिक्षा महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों की शीघ्र पहचान एवं हस्तक्षेप करने के लिए सर्वे किया गया। समन्वयक डॉ. गौरव कुमार दत्ता ने बताया कि सर्वे का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षण के साथ जोड?र उन्हें सशक्तिकरण की ओर अग्रसर करना है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रूपल कोचर ने हरी झंडी दिखाकर सर्वे दल को रवाना किया। तपोवन मनोविकास विद्यालय प्राचार्या श्रीमती रितु दत्ता, छात्रावास अधीक्षक अमृतपाल सिंह के नेतृत्व में बी.एड. द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा सद्भावना नगर क्षेत्र में सर्वे व जागरूकता कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। उन्होंने बताया कि तपोवन विगत 34 वर्षो से दिव्यांग बच्चों के शिक्षण, प्रशिक्षण व पुनर्वास के कार्य निशुल्क सेवा भाव से संचालित कर रहा है तथा वर्तमान में तपोवन मनोविकास विद्यालय में 140 से अधिक दिव्यांग अध्ययनरत हैं। इस अवसर पर तपोवन मनोविकास विद्यालय व तपोवन विशेष शिक्षा महाविद्यालय स्टाफ सदस्य तथा बी.एड. द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

भूखंड की रजिस्ट्री के बाद फैक्ट्री द्वारा इंतकाल दर्ज नहीं करने पर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

जनमार्ग न्यूज

चूनावढ। निकट ग्राम पंचायत जोधेवाला के वार्ड नंबर 9 के रजिस्ट्री शुदा एक भूखंड का ग्राम विकास अधिकारी द्वारा इंतकाल दर्ज नहीं करने को लेकर गुरुवार को स्थानीय उप तहसील कार्यालय में ज्ञापन देकर 10 फरवरी को पीड़ित परिवार द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय के तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है जानकारी के अनुसार भूखंड पीड़ित परिवार का कहना है कि चुनावढ उप तहसील कार्यालय में पिछले दिनों 28- 1- 2025 को इसी भूखंड मलकीत कौर के नाम से पुत्र लीला सिंह के नाम रजिस्ट्री की गई है जिसका इंतकाल ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी प्रीति छाबड़ा द्वारा ग्राम पंचायत में इंतकाल दर्जकिया जाना है जब कि इंतकाल दर्ज करने का प्रावधान भी है लेकिन ग्राम विकास अधिकारी इंतकाल दर्ज करने की बजाय तरह-तरह के बहाने बनाकर आना कानी कर रही है वह पीड़ित परिवार को कभी ?10 के स्टांप पर लिखकर लाने व कभी राशन कार्ड लाने और कभी तीन माह का समय लगने का कहकर बहाने बना कर टरका रही है जबकि नियमानुसार तो ग्राम विकास अधिकारी को मीटिंग में प्रस्ताव लेकर आगामी मीटिंग में इंतकाल दर्ज करने का प्रावधान है लेकिन ग्राम विकास अधिकारी किसी राजनीतिक दबाव के कारण जानबूझकर इंतकाल दर्ज के बजाय बेवजह परेशान कर रही है इस समस्या को लेकर गुरुवार को नायब तहसीलदार के नाम इंतकाल दर्ज नहीं करने को लेकर पिडित परिवार व ग्रामीणों ने 10 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय के ताला बंदी कर धरना प्रदर्शन करने का ज्ञापन दिया गया है इस सबध में जब ग्राम विकास अधिकारी प्रीति छावड़ा से पूछा गया तो उनका कहना है कि इंतकाल दर्ज करने के लिए?10 के स्टांप पर लिखकर लाने सहित अन्य कागज उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया है इस समस्या को लेकर चूनावढ नायब तहसीलदार का कहना है कि गुरुवार को वे आठ एच एच के शिविर में व्यस्थ हूं शुक्रवार को तहसील में आकर तत्काल इंतकाल दर्ज करने के लिए ग्राम विकास अधिकारी को लैटर निकाल कर पाबंद किया जाएगा और पीड़ित परिवार की समस्या का समाधान करवा कर उन्हें राहत दिलवाई जाएगी।

गंगनहर में उचित क्षमता के साथ जल प्रवाह सुनिश्चित होगा : आत्माराम तरड़

फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा 200 करोड़ का बजट प्रावधान ऐतिहासिक निर्णय

श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष तथा किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व पंचायत समिति पूर्व प्रधान आत्माराम तरड़ ने कहा कि राज्य की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा किसान कल्याणकारी योजनाओं के तहत फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए वर्ष 2024-25 में 200 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत द्वारा विधानसभा में इसकी घोषणा करते हुए कहा गया कि गंगनहर परियोजना की क्षतिग्रस्त नहरों की रिलाइनिंग के कार्यो के अन्तर्गत वर्तमान में 10 नहरों का रिलाइनिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 3 और नहरों का कार्य जाइका के अन्तर्गत प्रस्तावित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए वर्ष 2024-25 में 200 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान करने तथा फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण से गंगनहर में उचित क्षमता के साथ जल प्रवाह सुनिश्चित हो सकेगा। श्री तरड़ ने कहा कि राज्य सरकार के ऐतिहासिक किसान कल्याणकारी निर्णयों से श्रीगंगानगर जिले सहित पूरे राज्य का किसान लाभान्वित हो रहा है तथा नहरों के पुनर्निर्माण व साफ-सफाई करवाकर किसानों को पूरा पानी उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेकों किसान हितैषी निर्णय लिए जा रहे हैं जिससे किसान वर्ग उत्साहित है। आत्माराम तरड़ ने फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत का आभार जताया है।

डीएवी फेस्ट 2025 का आयोजन 9 फरवरी तक

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। डीएवी फेस्ट 2025 का आयोजन शुक्रवार 7 फरवरी से रविवार 9 फरवरी तक किया जा रहा है। आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. मीनू पूनिया, प्राचार्य डीएवी कॉलेज ने बताया कि 7 फरवरी को फेस्ट की पूर्व संध्या पर विभिन्न अन्तर विभागीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि श्री जसवंत सिंह गोदारा, सदस्य महर्षि दयानन्द शिक्षा समिति होंगे। 7 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम निम्न प्रकार होंगे रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, विभिन्न खेल प्रतियोगिता, आईटी क्विज, बिजनेस क्विज, ह्यूमैनिटीज क्विज, साइंस क्विज, आदि। 8 फरवरी को फेस्ट के उद्घाटन समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. मंजू आईएएस, जिला कलेक्टर श्रीगंगानगर, विशिष्ट अतिथि श्री बी आदित्य आईपीएस, सी ओ सिटी, श्रीगंगानगर होंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता चौ. संतोष कुमार सहारण प्रधान महर्षि दयानन्द शिक्षा समिति, पूर्व विधायक सादुलशहर करेंगे। 8 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम निम्न प्रकार होंगे खेल पुरस्कार वितरण समारोह, कला प्रदर्शनी का उद्घाटन, विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन, मेंहदी प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि। 9 फरवरी को फेस्ट के समापन समारोह मेवार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि श्री सुभाष चौधरी, एडीएम श्रीगंगानगर, विशिष्ट अतिथि श्री रंजीत कुमार, एसडीएम श्रीगंगानगर होंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता चौ. संतोष कुमार सहारण प्रधान महर्षि दयानन्द शिक्षा समिति, पूर्व विधायक सादुलशहर करेंगे। 9 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम निम्न प्रकार होंगे अकादमिक पुरस्कार वितरण समारोह तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन के संयोजक डॉ राजेश्वर गोदारा, सह संयोजक श्रीमती अंजलि सिंह तथा समन्वयक डॉ. जसप्रीत सिंह होंगे।

खेमराज कमेटी की रिपोर्ट पर असंतोष, कर्मचारियों में आक्रोश

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने खेमराज कमेटी की वेतन विसंगति परीक्षण रिपोर्ट को कर्मचारियों के साथ छलावा करार दिया है। महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि यह रिपोर्ट कर्मचारियों की मूल समस्याओं को हल करने में पूरी तरह विफल रही है, जिससे राज्यभर के कर्मचारियों में गहरा असंतोष है। इसके विरोध में महासंघ द्वारा गुरुवार को खेमराज कमेटी की रिपोर्ट की प्रतियां जलाकर सरकार के प्रति विरोध दर्ज कराया जाएगा।

महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक भोभिया ने बताया कि सरकार ने भारी दबाव के बाद रिपोर्ट तो सार्वजनिक कर दी, लेकिन इसमें कर्मचारियों के हित में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। रिपोर्ट में वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए कोई कारगर समाधान नहीं दिया गया, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पूर्व भी सावंत कमेटी और खेमराज कमेटी पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन उनकी सिफारिशें कर्मचारियों के लिए निरर्थक साबित हुई हैं।

जिला महामंत्री विजय पारीक ने कहा कि मंत्रालयिक कर्मचारियों को दूसरी पदोन्नति पर ग्रेड पे 4200 देने, सचिवालय कर्मचारियों के समान वेतनमान लागू करने, 9, 18 और 27 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान के बजाय एसीपी को 8, 16, 24 और 32 वर्ष में लागू करने जैसी मांगें लंबे समय से की जा रही हैं। इसके अलावा निविदा कर्मचारियों के लिए रेक्सो की तर्ज पर आरएलएसडीसी का गठन करने की भी मांग की जा रही है। बावजूद इसके, राज्य सरकार ने इन महत्वपूर्ण मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया है।

धर्म ध्वजा पद यात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा कर किया

बालाजी महाराज की जय, जय श्रीराम, जय सियाराम के जयकारों से सारा वातावरण हुआ गुंजायमान

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। राजस्थान खत्री सेवा समिति अध्यक्ष तथा लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर विकास सीएमडी पूर्व रीजन चेयरमैन विनोद सेठी व उनके परिवारिक सदस्यों तथा मौहल्लेवासियों द्वारा पुरानी आबादी स्थित सिद्धपीठ श्रीझांकीवाले बालाजी मंदिर के आयो उत्सव म्हारै बाबे को... 5 दिवसीय अखण्ड रामनाम संकीर्तन एवं स्वर्णिम महोत्सव के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार सुबह निकाली गई धर्म ध्वजा पद यात्रा का एफ ब्लॉक में पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया तथा बालाजी महाराज को शीश नवाकर सबके लिए सुख-समृद्धि की कामना की गई। राजेन्द्र विग व राहुल चड्ढा ने बताया कि इस मौके पर सभी ने राम नाम संकीर्तन धुन पर भगवान श्रीराम व बालाजी महाराज के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान कर दिया। विनोद सेठी ने यात्रा की अगुवाई कर रहे प्रेम अग्रवाल 'गुरुजी', पूजारी सुरेन्द्र चौधरी, संदीप अनेजा, वेदप्रकाश लखोटिया, अजय नागपाल 'सोनू', राजकुमार जैन, पूर्ण घोड़ेला, अशोक मुजराल, श्याम गोस्वामी, ललित डोडा, शैलेन्द्र सिंह चौहान आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सेठी परिवार के सदस्यगण, मौहल्लेवासी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

जंतु जगत

बच्चों, फूलों पर मंडराती रंग-बिरंगी प्यारी तितलियां, हर किसी का मन मोह लेती है। दुनिया भर में इन तितलियों की अनेक प्रजातियां है। यहां बताई जा रही तितलियों में से एक तितली को छोड़कर बाकी तितलियों को अपने-अपने राज्यों में राजकीय तितली घोषित किया गया है। जानो, इन मनभावन तितलियों के बारे में।

मनमोहक रंग-बिरंगी तितलियां

89-98 तितली



इस तितली का वास्तविक नाम डायएथ्रिया फ्लोजिया या यूक्लिड्स फ्लोजिया है। यह 89, 98 उपनाम से भी जानी जाती है, क्योंकि इसके पंखों पर 89 और 98 अंक जैसे चिन्ह अंकित होते हैं। यह एक ऐसी तितली है, जो संख्याओं का एक सेट पहनकर घूमती है। लगभग 200-1700 मीटर की ऊंचाई पर रहने वाली ये तितलियां बहुत ही एक्टिव रहती हैं। ये तितलियां एक जगह पर ज्यादा नहीं टिकती हैं यानी एक स्थान पर कुछ सेकेंड से ज्यादा आराम नहीं करती हैं। ये तितलियां सूर्यास्त से पहले अपने पंख फैलाकर धूप सेंकती देखी जाती हैं। रात होने पर ये किसी पत्ते के नीचे बैठकर आराम करती हैं। ये तितलियां कोलंबिया समेत दक्षिण अमेरिका के कई अन्य देशों में पाई जाती हैं। *



केसर-ए-हिंद तितली

इस तितली का वैज्ञानिक नाम टीनोपालपस इंपीरियलिस है। इसे अरुणाचल प्रदेश की राज्य तितली का दर्जा दिया गया है। केसर-ए-हिंद, जंगल में पाई जाने वाली सबसे दुर्लभ तितलियों में से एक है। यह तितली पूर्वी हिमालय में पाई जाती है। इस तितली को दिया गया नाम 'केसर-ए-हिंद' का शाब्दिक अर्थ 'भारत का सम्राट' है। इस तितली को मध्यम और उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यानी 6,000 से 10,000 फीट की ऊंचाई पर देखा जा सकता है। इस तितली की उड़ान बहुत तेज होती है, यह पेड़ की चोटी पर बहुत तेज गति से पहुंच जाती है। केसर-ए-हिंद तितली भारत के अलावा नेपाल, भूटान, वियतनाम, म्यांमार, लाओस और दक्षिणी चीन में भी पाई जाती है। *



ब्लू पैंसी बटरफ्लाई

ब्लू पैंसी तितली, जम्मू कश्मीर की राज्य तितली है। ब्लू पैंसी तितली अपने चमकीले नीले और काले पंखों के लिए जानी जाती है, जो नारंगी रंग के धब्बों से सजे होते हैं। यह तितली जम्मू-कश्मीर के घास के मैदानों में और उद्यानों में पाई जाती है। *

ब्लू मॉर्मन बटरफ्लाई



ब्लू मॉर्मन तितली का वैज्ञानिक नाम पैपिलियो पॉलीमेनेस्टर है। आकर्षक रंग और बड़े-बड़े पंखों वाली यह तितली बहुत ही मनमोहक लगती है। इसे महाराष्ट्र की राज्य तितली घोषित किया गया है। बच्चों, इस तितली के बारे में एक खास बात यह भी जान लो कि महाराष्ट्र भारत का पहला ऐसा राज्य है, जिसने साल 2015 में अपनी राज्य की राजकीय तितली घोषित किया थी। इसके बाद कुछ अन्य राज्यों में भी अपने-अपने राज्य की राजकीय तितलियों की घोषणा की गई। ब्लू मॉर्मन भारत के अलावा श्रीलंका में भी बहुतायत में पाई जाती है। *

पीकॉक बटरफ्लाई



पीकॉक तितली को पैपिलियो बियानोर के नाम से भी जाना जाता है। इसे भारत के उत्तराखंड राज्य की राज्य तितली का दर्जा प्राप्त है। इस तितली के पंखों पर पीकॉक यानी मोर की तरह बड़े-बड़े धब्बे और पैटर्न बने होते हैं। इन धब्बों और पैटर्न्स की वजह से ही इसे 'पीकॉक बटरफ्लाई' कहा जाता है। यह तितली जंगल, घास के मैदान, खेत, पार्क आदि में रहती है। इसके पंखों के नीचे का हिस्सा गहरे भूरे-काले रंग का होता है। पीकॉक तितली की एक खासियत यह भी होती है कि यह आस-पास के रंगों और माहौल में घुल-मिल जाती है। कोई खतरा भांपते ही किसी पत्ते की तरह स्थिर हो जाती है, जिससे इसके शिकार के लिए आया कोई शिकारी जंतु इसे पहचान नहीं पाता। यह तितली यूरोप, एशिया महादेशों और जापान के समशीतोष्ण क्षेत्रों में पाई जाती है। *

नदी के इस पार इंसान का बच्चा तो दूसरे पार शेर का बच्चा था। दोनों ने एक-दूसरे को देखा और नदी में उतर कर शरारत करने लगे। पढ़ो एक मजेदार कहानी।

दोस्ती-दुश्मनी

शेर जंगल की तरफ था। छोटा था छह महीने का।

शेरू गांव की तरफ था। वह भी छोटा था छह साल का।

दोनों के बीच नदी बह रही थी।

आज से पहले शेर ने दो पैर से चलने वाले किसी को नहीं देखा था। शेरू ने भी सचमुच का शेर नहीं देखा था। सो दोनों एक-दूसरे को देखने लगे। नदी के इस पार, उस पार से।

फिर दोनों ने नदी का पानी पीया। पहली बार अपने-अपने तरीके से, दूसरी बार दूसरे के तरीके से। फिर कुछ देर तक वे एक-दूसरे को देखते रहे।

शेरू को मजाक सूझा। वह पानी में उतरा और दोनों हाथों से पानी को छपछपाने लगा। यह देख शेर भी पानी में उतरा और पानी को छपछपाने लगा। ऐसा करके उन्होंने इतना पानी उछाला कि दोनों भीग गए।

तभी उनकी नजर ऊपर से नदी में बहती आ रही एक लंबी-मोटी चीज पर पड़ी। यह एक मोटे पेड़ का तना था, जो पहाड़ों से बहता चला आ रहा था। लेकिन उन्होंने इसे पानी का जानवर समझा और डर कर किनारों के बड़े पत्थरों के पीछे जा छिपे। जब तना बहता हुआ आगे चला गया तो उनका डर दूर हुआ। दोनों फिर से बाहर आकर एक-दूसरे की तरफ देखने लगे।

नदी गहरी थी और दोनों ही तैरना नहीं जानते थे, मगर वे एक दूसरे को और नजदीक से देखना चाहते थे। इसलिए वे फिर से पानी में उतर गए और दो कदम आगे, एक कदम पीछे करके थोड़ा आगे बढ़े। शेर दो पैर से चलना चाहता था। शेरू भी चार पैर की चाल देखना चाहता था। शायद दोनों एक-दूसरे से दोस्ती करना चाहते थे।

शेर ने आवाज लगाई, 'आऽऽऽऽ आऽऽऽ!'

शेरू ने भी आवाज लगाई, 'आऽऽऽऽ आऽऽऽऽ!'

तभी जंगल की तरफ से एक दहाड़ गूंजी। शेरू ने देखा, एक बहुत बड़ा शेर नदी के उस पार आकर खड़ा हो गया था। वह छोटे शेर का बाप था।

नदी के इस पार शेरू की तरफ भी तभी हलचल हुई, हवा में बंदूक की 'धांय' की आवाज गूंज उठी।

इधर शेरू का बापू शंभू अपनी दुनाली बंदूक के साथ खड़ा था।

नदी के दोनों पार, अब दोनों बच्चे अपने पिता के साथ थे।

शेर अपने बेटे को आदमी के बारे में बता रहा था और आदमी अपने बेटे शेरू को शेर के बारे में बता रहा था। बहुत बुरा, डरावना और नफरत लायक। फिर सब जहां से आए थे, वहां लौट गए।

शेर और शेरू ने एक बार भी मुड़कर एक-दूसरे की तरफ नहीं देखा। *

दादी ने अपने घर में एक लाइब्रेरी बना रखी थी। इस लाइब्रेरी में बच्चे भी किताबें पढ़ने आते थे। दादी को लगा कि लाइब्रेरी छोटी पड़ रही है तो उन्होंने एक बड़ी जगह खोज ली। अब समस्या यह थी कि इतनी ढेर सारी किताबें वहां पहुंचाई कैसे जाएं? लेकिन बच्चों ने ऐसा कुछ करिश्मा दिखाया कि सारी किताबें नई जगह पर देखते ही देखते शिफ्ट हो गईं!

जादूगर बच्चे

कनिका को किताबें पढ़ने का बहुत शौक था। यह शौक उसे अपनी दादी से मिला था। असल में दादी ने अपने घर में ही एक छोटी-सी लाइब्रेरी बना रखी थी। उस लाइब्रेरी में तरह-तरह की ज्ञानवर्धक किताबें थीं। दादी जब भी फुर्सत में होतीं, लाइब्रेरी में बैठकर किताबें पढ़तीं। लाइब्रेरी की किताबें बड़ों के लिए ही नहीं, बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक थीं। दादी को पढ़ता देखकर कनिका भी लाइब्रेरी में जाने लगी। दादी ने अपनी लाइब्रेरी में बच्चों की ढेर सारी पत्रिकाएं, कॉमिक्स, स्टोरी बुक्स और जीके बुक्स लाकर रख दीं। ताकि कनिका को पढ़ने में दिलचस्पी पैदा हो। ये किताबें इतनी इंटरेस्टिंग थीं कि रविवार को कनिका के दोस्त भी वहां आकर किताबें पढ़ने लगे। धीरे-धीरे दादी की सहेलियों से ज्यादा वहां कनिका के दोस्त आने लगीं। दादी भी उनका पूरा ख्याल रखतीं। उन्होंने लाइब्रेरी को पूरी तरह बच्चों के लिए समर्पित कर दिया। अब तो आस-पास के खूब सारे बच्चे छुट्टी के दिन वहां जुटते। रविवार के दिन तो कनिका के घर में जैसे कोई बुक फेयर चल रहा होता। भीड़ बढ़ती देखकर दादी को महसूस हुआ कि लाइब्रेरी कहीं और शिफ्ट करनी पड़ेगी, क्योंकि अब घर में जगह कम पड़ने लगी थी।

जल्दी ही दादी ने घर के पास ही एक जगह देख ली। इसमें बड़ा-सा हॉल खाली पड़ा था, जिसके सामने एक छोटा-सा गार्डन भी था। बच्चे लाइब्रेरी से किताबें लेकर गार्डन में बैठकर पढ़ सकते थे। इसलिए दादी को यह जगह बहुत पसंद आई। उन्होंने लाइब्रेरी के लिए फर्नीचर का भी इंतजाम कर लिया, जिसमें किताबें रखी जा सकें और बच्चे बैठकर पढ़ सकें। जब लाइब्रेरी तैयार हो गई तो किताबें शिफ्ट करने की बारी आई। किताबें बहुत ज्यादा थीं। दादी घुटनों में दर्द के कारण बहुत चल-फिर नहीं पाती थीं। फिर किताबें किस तरह शिफ्ट की जाएं, दादी सोच में पड़ गईं। उन्होंने कनिका को अपनी चिंता बताई।

'दादी आप चौक पर से मजदूर लेकर आ जाएं, वो मजदूरी में कुछ पैसे लेकर किताबें वहां पहुंचा देंगे।' कनिका ने सुझाव दिया।

'लेकिन मेरे पास जितने भी पैसे थे, वह मैंने नई लाइब्रेरी के किराए और फर्नीचर के लिए दे दिया। अब तो मेरे पास बहुत कम पैसे बचे हैं, कब, कैसी जरूरत पड़ जाए पता नहीं, ये पैसे तब संकट में काम आएंगे। इन पैसे का मेरे पास रहना जरूरी है।' दादी ने कहा।

कनिका सोच में पड़ गई। बिना पैसे के तो कोई भी मजदूर नहीं आएगा। थोड़ी देर सोचने के बाद उसने चुटकी बजाते हुए जोर से कहा, 'आइडिया!'

दादी ने चौंक कर पूछा, 'कैसा आइडिया!'

'कल किताबें अपने-आप शिफ्ट हो जाएंगी। दादी बस आप देखती जाओ।' यह कहकर कनिका चली गई।

'किताबें अपने-आप कैसे शिफ्ट हो सकती हैं!' दादी मन ही मन सोच में पड़ गईं। अगले दिन रविवार था। दादी सब्जी लेने बाजार गई थीं। हर बार की तरह कनिका के सारे दोस्त और मोहल्ले के बच्चे कनिका के घर पहुंच गए। कनिका ने किताबें शिफ्ट करने की अपनी योजना के बारे में बच्चों को बताया। 'यह तो बहुत मजेदार प्लान है।' राहुल बोला। 'हां... हां...! यह तो किसी खेल जैसा है।' सुप्रिया बोली। फिर सारे बच्चे खुशी से चिल्लाते हुए चल पड़े। बच्चों ने कनिका के घर से शुरू करके नई लाइब्रेरी तक ह्यूमन चेन बना ली। फिर एक-एक किताब एक दूसरे को पास करने लगे। घंटे भर में ही सारी किताबें कनिका के घर से नई लाइब्रेरी तक पहुंच गईं। फिर बच्चों ने मिलकर किताबों को कायदे से रैक में लगा दिया। दादी जब लौटीं तो नई लाइब्रेरी में लगी किताबों को देखकर दंग रह गईं। 'यह सब कैसे हुआ?' दादी ने हैरानी से पूछा। 'जादू से...!' कनिका ने हंसते हुए कहा। सारे बच्चे भी हंस पड़े। बच्चों को हंसता देखकर दादी भी हंसते हुए बोलीं, 'बच्चे सच में जादूगर होते हैं, थैंक्यू मेरे जादूगर बच्चों!' *

पार्टनर को एक गुलाब दें या पूरा गुलदस्ता

वैलेंटाइन डे का नाम सुनते ही जेहन में सबसे पहले रोज डे का ख्याल आता है। रोज डे यानी प्यार के सप्ताह का पहला दिन, जिसमें कपल्स एक-दूसरे से प्यार का इजहार करते हुए लाल गुलाब देते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि लाल गुलाब ही क्यों दिया जाता है? हर साल वैलेंटाइन डे पर लाल गुलाब के साथ प्यार का इजहार करने की परंपरा कैसे बन गई? क्या आपने कभी सोचा है कि प्यार के इजहार के लिए गुलाब को ही क्यों चुना गया? जबकि इसके लिए चॉकलेट्स, ज्वेलरी और न जाने कितने और तरीके हैं। दरअसल, इसके पीछे एक दिलचस्प कहानी है। वैलेंटाइन डे पर गुलाब देने की परंपरा 17वीं सदी के अंत में शुरू हुई। जब स्वीडन के राजा चार्ल्स 12वें पर्शिया की यात्रा पर गए और वहां उन्होंने फूलों की भाषा की बारे में सुना। यानी बिना बोले, सिर्फ फूलों के रंगों के जरिए अपनी भावनाएं जाहिर करने का अनूठा तरीका। इसके बाद यह फैशन स्वीडन आया और देखते-ही-देखते पूरे यूरोप में ट्रेंड बन गया। फूलों की भाषा में, हर रंग का एक अलग अर्थ होता है। इसमें लोग फूलों के जरिए अपनी भावनाओं को एक-दूसरे से शेयर करते हैं। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं। पीले रंग को दोस्ती का प्रतीक माना जाता है। जब आप किसी दोस्त को पीला गुलाब देते हैं तो यह दिखाता है कि आप उसकी मित्रता को बहुत महत्व देते हैं। पिंक गुलाब शुकराना का प्रतीक है। आप अपने दोस्त को भी गुलाबी रंग का गुलाब दे सकते हैं। इसका अर्थ हुआ कि उसकी दोस्ती के लिए आप शुक्रगुजार हैं। लाल गुलाब को हमेशा प्रेम और आकर्षण का प्रतीक माना गया है। यह गहरे और सच्चे प्यार का इजहार करने का तरीका है। सफेद रंग को शांति, पवित्रता और सादगी का प्रतीक माना जाता है। यह सामने वाले के प्रति सम्मान जताने के लिए दिया जाता है। क्या आपने कभी इस बारे में सोचा है कि पार्टनर को गुलाब का एक फूल दूं या पूरा गुलदस्ता? दरअसल, गुलाबों की संख्या के पीछे भी एक खास संदेश छुपा होता है। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं। एक गुलाब देने का अर्थ है कि आपको किसी से पहली नजर में ही प्यार हो गया था। इसे प्यार का पहला एहसास भी कहा जा सकता है। जब आप किसी को दो गुलाब देते हैं तो इसका मतलब है कि आप सामने वाले से बेइंतहा प्यार करते हैं। तीन गुलाब रिश्ते की तीसरी सालगिरह पर दिए जाते हैं। इससे पता चलता है आप एक-दूसरे के साथ बिताए गए समय की कद्र करते हैं। 6 गुलाबों का गुलदस्ता देने का अर्थ है कि आप हमेशा अपने पार्टनर के साथ रहना चाहते हैं। दस गुलाब देने का मतलब है कि आप पार्टनर को अपनी जिंदगी का परफेक्ट साथी मानते हैं और उनके साथ हर पल बिताना चाहते हैं। यदि आप पार्टनर के किसी खास दिन, जैसे बर्थडे या एनीवर्सरी को भूलते हैं तो पंद्रह गुलाब भेजकर माफी मांग सकते हैं। इससे पता चलता है कि आप अपनी गलती को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं जब आप 101 गुलाबों का गुलदस्ता देते हैं तो इससे पता चलता है कि आप उस व्यक्ति के साथ जीवन बिताना चाहते हैं। साथ ही आप कमिटमेंट करते हैं कि जीवन भर साथ रहेंगे। 99 गुलाबों का गुलदस्ता बताता है कि आप पार्टनर के साथ हर मुश्किल घड़ी में खड़े रहेंगे।

रंग भरो



रंग भरो



चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। दाहिनी तरफ इस चित्र के कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करो।



उत्तरः A-5, B-3, C-2

सरकारी बाबू ने बार एसोसियेशन के सदस्य के साथ मारपीट की

बड़ी संख्या मे अधिवक्ताओं ने कोतवाली पहुँच कर सरकारी बाबू के खिलाफ दर्ज करवाई एफ आईआर

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। वीरवार को सांखिकिय विभाग के एक बाबू के द्वारा अधिवक्ता प्रेटी सिंह के साथ की गई मारपीट को लेकर अधिवक्ताओं मे बेहद रोष है। प्रेस सचिव बार एसोसियेशन एडवोकेट सुमेश शर्मा ने बताया की कोतवाली मे बार एसोसियेशन के अध्यक्ष जसवन्त भादु, सचिव अशोक सैनी,उपाध्यक्ष एडवोकेट विनोद सिवर की अगुवाई मे बड़ी संख्या मे अधिवक्ता कोतवाली पहुँचे व उन्होंने मारपीट करने वाले सरकारी कार्मिक के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करवाई। अधिवक्ताओं मे राजेश ग्रेवाल, जितेंद्र परासर, राजनिश सिडा ना, एस पी एस खुराना, हंसराज तनेजा, हरजीत सिंह जोली, साहिल कुमार, अभिसार, राहुल सोनी, हिमांशु गुप्ता, विशाल आहुजा,आनंद व्यास, के साथ ही बड़ी संख्या मे अधिवक्ता कोतवाली मे मौजूद रहे।

अधिवक्ता प्रेटी सिंह ने बताया की वह जन्म प्रमाण पत्र मे करेक्शन की जानकारी लेने दोपहर 3.20 बजे के आस पास सांखिकिय विभाग मे कार्यरत कार्मिक विनोद गुप्ता के पास गये थे। विनोद गुप्ता को दस्तावेजो के सम्बन्ध मे बोलने पर उसने दस्तावेज देखने से मना कर दिया। अधिवक्ता द्वारा उन्हे लोकसेवक होने के नाते सही काम करने का कहाँ तो विनोद गुप्ता भड़क गया और कहने लगा की तुमने मेरी शिकायत की है तुम्हारा काम भी नही करूँगा न दस्तावेज देखूंगा। अधिवक्ता द्वारा विनोद गुप्ता को यह बोलकर की तुम्हारी शिकायत उच्च अधिकारियों से करूँगा , वापिस आने लगा तो विनोद गुप्ता ने रास्ता रोक कर पाइप द्वारा पगड़ी पर वार किया जिस से पगड़ी गिर गई। इसके उपरांत बाजू पर भी वार किया। वहाँ मौजूद अधिवक्ताओं व कर्मचारीयो ने बीच बचाव कर किया। विनोद गुप्ता द्वारा की गई मारपीट से अधिवक्ता प्रेटी सिंह के बहुमुखी चोटें आई है। साथ ही उनकी पगड़ी भी सिर से नीचे गिर गई। कोतवाली मे मामला दर्ज होने पर उपाध्यक्ष विनोद सिवर द्वारा आगामी रणनीति के लिए शुक्रवार को दोपहर 12 बजे बार रूम मे अधिवक्ताओं को पहुँचने का आहान किया है।

अग्र विकास परिषद ने धर्म ध्वजा यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। अग्र विकास परिषद श्रीगंगानगर की मुख्य, माधुर्य व युवा शक्ति शाखा के तत्वाधान मे इलाके के जन जन की आस्था का प्रतीक श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर के वार्षिकोत्सव व स्वर्णिम महोत्सव के उपलक्ष मे पांच दिवसीय राम नाम संकीर्तन के प्रथम दिन आयोजित भव्य धर्म ध्वजा पद यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत स्थल राधेश्याम कोठी मुख्य मार्ग पर भारी संख्या मे उपस्थित लोगो ने एक दो तीन चार बालाजी की जय जयकार...बालाजी महाराज की जय.. आयो उत्सव महारे बाबे को.. झांकी वाले बालाजी महाराज की जय..जय जय सियाराम आदी जयकारो के साथ यात्रा मे शामिल भक्तो का भावभीना स्वागत व अभिनन्दन किया एवंम रथ मे विराजमान श्री बालाजी महाराज को पुष्प अर्पित कर नतमस्तक होकर उनका आशीर्वाद लिया व भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया।

अग्र विकास परिषद
हार्दिक अभिनन्दन

इस मौके पर मुख्य रूप से सुभाष गोयल संरक्षक, अनिल सिंघल महासचिव, दीपक शेरवाला कोषाध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष अजय गुप्ता, सुरेंद्र अग्रवाल, पवन अग्रवाल, दिनेश गोयल, विजय गुप्ता, मुकेश खारिवाल, विजय गोयल, अश्विनी बंसल योगाचार्य, अश्विनी बंसल, निरज बंसल, गजेंद्र गोयल, कन्हैयालाल गर्ग,सीए रविन्द्र अग्रवाल, प्रिंस गोयल, अंजू सिंघल, मंजू अग्रवाल, रोमा बंसल, दीपिका सिंघल, इंदू अग्रवाल आदी शामिल हुए।

हनुमानगढ़ के विशेष योग्यजन अब श्रीगंगानगर शिविर में प्राप्त कर सकते हैं नि:शुल्क सहायक उपकरण

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। विशेष योग्यजनों (निःशक्तजनों) के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हो रहा है। श्री हरिनारायण सेवा समिति, रायसिंहनगर एवं दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन, श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वावधान में श्रीगंगानगर में एक विशाल निःशुल्क विशेष योग्यजन सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 14, 15 और 16 फरवरी 2025 को सेठ मेघराज जिंदल भवन, तृतीय ब्लॉक, नई धान मंडी, श्रीगंगानगर में होगा। गौरतलब है कि इससे पहले श्री हरिनारायण सेवा समिति ने हनुमानगढ़ में भी इसी प्रकार का शिविर आयोजित किया था, लेकिन कई जरूरतमंद विशेष योग्यजन विभिन्न कारणों से उसका लाभ नहीं उठा सके थे। ऐसे लोग अब श्रीगंगानगर में आयोजित होने वाले शिविर में अपना पंजीयन कराकर आवश्यक सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते हैं। इस शिविर में कृत्रिम हाथ-पैर, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, वॉकर, कान की मशीन एवं अन्य सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। शिविर में पंजीकरण के लिए लाभार्थियों को चार पासपोर्ट साइज फोटो, विशेष योग्यजन चिकित्सा प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, पहचान पत्र, राशन कार्ड एवं बिस्तर साथ लाना अनिवार्य होगा। यह शिविर उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो किसी भी कारण से हनुमानगढ़ शिविर में उपकरण प्राप्त करने से वंचित रह गए थे।

संगठनात्मक बैठक में समाज की एकजुटता पर दिया बल

ऑल इण्डिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाने का लिया संकल्प

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी, श्रीगंगानगर की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। गजसिंहपुर में जिलाध्यक्ष सूर्यवंशी मनोहरलाल चावला की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ऑल इण्डिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की गतिविधियों एवं समाज हित में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। सर्वप्रथम बैठक में मौजूद सदस्यों द्वारा नवनियुक्त प्रदेश सचिव सूर्यवंशी हरजीत मिगलानी 'हैप्पी' तथा जिलाध्यक्ष सूर्यवंशी मनोहरलाल चावला का स्वागत-अभिनंदन किया गया।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संगठन को सक्रिय व मजबूत करने के लिए ब्लॉक, तहसील व ग्राम स्तर पर नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सूर्यवंशी मनोहरलाल चावला ने समाज की एकजुटता पर बल दिया तथा समाज हित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। बैठक में मौजूद समस्त सदस्यों ने सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। प्रदेश सचिव सूर्यवंशी हरजीत मिगलानी 'हैप्पी' ने कहा कि अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी राजस्थान द्वारा प्रदेशाध्यक्ष सूर्यवंशी रजनेश बहल के नेतृत्व में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया जाएगा। इसके अलावा समाज हित में जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए सेवा भाव से मिल-जुलकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज का महत्वपूर्ण त्योहार बैसाखी पर्व 13 अप्रैल, 2025 को धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर किराना यूनियन अध्यक्ष शिवचन्द काठपाल, हैप्पी मक्कड़, महेन्द्र मिगलानी, तेजवीर साई, भारत भूषण चावला, सुनील बजाज, इन्द्र कुमार काठपाल, अंकुश कोचर, हरिकृष्ण हैप्पी वधवा, दीशु वधवा, प्रिन्स बजाज, लविश नागपाल, हनी चावला, राजकुमार गिरधर, सुरेश काठपाल, विशेक बलाना, बन्टी जुनेजा सहित ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी पदाधिकारी, सदस्य एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

घर घुसकर महिला से गैंगरेप

सूरजपुर (जनमार्ग न्यूज)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक महिला से गैंगरेप हुआ है। घटना बुधवार रात की है, जब पीड़िता का पति काम से बाहर गया था तभी गांव के ही 4-5 लोगों ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। मामला विश्रामपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, घटना में शामिल सभी 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी उत्तरप्रदेश से मजदूरी करने सूरजपुर आए थे, जो रेलवे स्टेशन के पास एक बस्ती में रह रहे थे। सूरजपुर के विश्रामपुर में महिला के साथ गैंगरेप की घटना हुई है। 35 वर्षीय पीड़िता अपने पति के साथ पिछले तीन साल से किराए के मकान में रहकर मजदूरी कर जीवन यापन कर रही है।

श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के धर्मोत्सव में रोजाना आ रहे हैं श्रद्धालु

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। नई अनाज मंडी में स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में चल रहे 38-वें धर्मोत्सव के आज पांचवें दिन सुबह मुख्य यजमान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष इंजीनियर बंशीधर जिंदल और यजमान पुरुषोत्तम अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। पूजा के पश्चात आरती की गई। तत्पश्चात रोजाना की तरह भंडारा प्रारंभ हुआ जो दोपहर बाद तक निरंतर चला। मंदिर प्रबंध समिति के संचालक रामगोपाल पांडूसरिया ने बताया कि आज लगभग 4500 भक्त जनों ने भंडारा में भोजन प्रसादी ग्रहण किया। इसके बाद पंडित सत्यपाल पाराशर ने श्रीमद् भागवत कथा को आगे बढ़ाया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्या बाल लीलाओं का बहुत ही सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि एक कथा के दो हेतु होते हैं। एक कथा और दूसरा ज्ञान। भगवान के अवतार के भी दो हेतु होते हैं। द्वापर युग के अंत में भगवान ने लीला के द्वारा दुष्टता का विनाश किया और साधुता की रक्षा की। धर्म की स्थापना कर भगवान गोलोक चले गए।अब प्रत्यक्ष रूप में भगवान कृष्ण हमारे बीच नहीं हैं लेकिन अपरोक्ष रूप में वे कण-कण में समाए हुए हैं। हमारे मध्य उनकी कथा है। इस कथा को अच्छी तरह से समझकर अपने अंदर की दुष्टताएं- काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद् और मत्सर का विनाश करें तथा साधुताएं-शांति, धर्म, दया, प्रेम धैर्य व क्षमा की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि कुछ लोग लीला को मुख्य मानते हैं और कुछ ज्ञान को। दोनों का ही महत्व है। जब मनुष्य भक्ति और ज्ञाश्री सिद्ध हनुमान मंदिर के धर्मोत्सव में रोजाना आ रहे हैं बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन को सम्यक प्रकार से समझ जाता है तो उसक तत्काल मोक्ष हो जाता है। रामगोपाल पांडूसरिया ने बताया कि धर्मोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों का लाभ उठा रहे हैं।रोजाना मंदिर में शाम 7-15 बजे सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। उन्होंने बताया कि समस्त कार्यक्रमों को सुचारू संपन्न करवाने में राजेश अग्रवाल, अमित गोयल, रामधन गर्ग,पुजारी अरविंद पांडेय तथा प्रदीप पाठक का सक्रिय और सराहणीत सहयोग मिल रहा है।

बाबा रामदेव के माघ मेला उत्सव पर सेवादारों का अभिनंदन

हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)। जयश्रीराम सेवा समिति हनुमानगढ़ ने बाबा रामदेव के माघ मेला उत्सव के मौके पर मन्दिर सेवा देने वाले सेवार्थियों का अभिनंदन किया और ठंड से बचाव के लिए गर्म वस्त्र, शॉल, फल व मिठाई का वितरण किया। इस मौके पर मन्दिर के मुख्य पुजारी भंवरलाल जोशी सहित अन्य सेवादारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक विजय खत्री और राजीव मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य समाजिक कार्यों के माध्यम से समाज सेवा करना और समाज के विभिन्न वर्गो का सम्मान करना है।

समिति ने माघ मेला उत्सव के दौरान उन लोगों का सम्मान किया जो मन्दिर में सेवा करते हैं और श्रद्धालुओं की मदद करते हैं। साथ ही, ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र और शॉल वितरित किए गए, ताकि वे ठंड से सुरक्षित रह सकें।

समिति के संस्थापक विजय खत्री व राजीव मिश्रा ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ सामाजिक कार्य करना नहीं है, बल्कि विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गो की मदद करना है। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा दिव्यांगजनों, वृद्धजनों और विधवा महिलाओं के लिए निरूशुल्क पेंशन सत्यापन और परामर्श केंद्र की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, समिति विशेष योग्यजनों के लिए हेयर कटिंग सेवाएं भी प्रदान कर रही है।

रोटरी क्लब विजन का गठन, सामाजिक कार्यों में भागीदारी का लिया संकल्प

हनुमानगढ़। रोट्रैक्ट क्लब के लंबे समय तक सक्रिय सदस्य अब सामाजिक कार्यों में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए एक नए संगठन के गठन की ओर ब? हैं। उन्होंने रोटरी क्लब हनुमानगढ़ विजन का गठन किया है, जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और सामाजिक कल्याण के विभिन्न कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करना है।

आशीष गुप्ता
अध्यक्ष

कुणाल गोयल
सचिव

मित्ताली अग्रवाल
कोषाध्यक्ष

क्लब की बैठक हनुमानगढ़ जंक्शन पर आयोजित की गई, जिसमें क्लब के नए पदाधिकारियों का चुनाव भी किया गया। बैठक में आशीष गुप्ता को क्लब का अध्यक्ष, कुणाल गोयल को सचिव और मित्ताली अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इन पदाधिकारियों के नेतृत्व में क्लब आने वाले समय में विभिन्न सामाजिक कार्यों को अंजाम देगा।

नए क्लब के गठन के बाद, सदस्यों ने अपने उद्देश्यों पर चर्चा की और यह तय किया कि वे अपने संसाधनों का उपयोग समाज में सुधार लाने के लिए करेंगे। क्लब द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और गरीबी उन्मूलन जैसी पहल पर काम किया जाएगा।

रोटरी क्लब हनुमानगढ़ विजन के सदस्य समाज के विभिन्न वर्गों को सहायता देने के लिए कई योजनाओं पर काम करेंगे और समाजिक विकास में अपना योगदान देंगे।

क्लब का मानना है कि समाज को सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है, और वे मिलकर यह लक्ष्य प्राप्त करेंगे।

वरिष्ठ रोटेरियन डॉ. कपूरीलाल गर्ग, हेमन्त गोयल, अश्विनी गर्ग आशु ने कहा कि नए क्लब के गठन से हनुमानगढ़ क्षेत्र में समाजिक कार्यों को नई दिशा मिलेगी और क्लब का यह कदम समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

60 करोड़ की जमीन के लिए पंचायत में चली गोली

❑ पूर्व सरपंच के बेटे की हत्या के बाद गांव में सन्नाटा, हर तरफ पुलिस का पहरा

जनमार्ग न्यूज

ग्वालियर। ग्वालियर के गोकुलपुरा में करीब 17.5 बीघा जमीन है, जिसकी वर्तमान कीमत 60 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इसी को लेकर बुधवार दोपहर पंचायत बुलाई गई थी। इसी दौरान एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि गोलीबारी हो गई। इसमें पूर्व सरपंच के बेटे की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। जब गुरुवार दोपहर को मीडिया की टीम गांव पहुंची, तो वहां सन्नाटा पसरा हुआ था। लोग अपने घरों में दुबके हुए थे। चौपाल जहां, आमतौर पर भीड़भाड़ रहती थी, आज वीरान नजर आ रही थी। पूरे गांव में खामोशी थी और हर तरफ पुलिस का कड़ा पहरा दिख रहा था। जब हम मृतक पुरुषोत्तम यादव के घर पहुंचे, तो वहां काफी संख्या में लोग जमा थे, क्योंकि कुछ ही देर में गोली लगने से मरने वाले युवक की बॉडी आने वाली थी। जिसके रिश्तेदार और गांव वाले अंतिम संस्कार की तैयारी में लगे थे। पूरे घर में गमगीन माहौल था। यहां महिलाएं रो-बिलख रही थीं। पुरुषोत्तम यादव के घर के पास दो घर छोड़कर आरोपियों का घर है, जहां सन्नाटा पसरा हुआ था और घर के बाहर ताला लगा था। वहां के पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी घर छोड़कर भाग चुके हैं। वहीं, आरोपियों के घर के बाहर और पूरे गांव में भारी पुलिस बल तैनात है। करीब साढ़े 17 बीघा जमीन, जिसकी मौजूदा कीमत लगभग 60 करोड़ रुपए आंकी जा रही है, इसी के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। पंचायत के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि देखते ही देखते गोलियां चलने लगीं।

सामूहिक विवाह समारोह 8 व 9 मार्च को

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)। एच ब्लॉक स्थित श्री गुरुनानक कृष्णा मंदिर समिति की बैठक अध्यक्ष मनजीत सिंह मण्ड की अध्यक्षता में कारगिल शहीद पार्क में आयोजित की गई। इस बैठक में अभावग्रस्त परिवारों की 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह 8 व 9 मार्च को धूमधाम से आयोजित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया तथा सफल आयोजन के लिए तैयारियां शुरू करने का निर्णय लिया गया। श्री गुरुनानक कृष्णा मंदिर समिति अध्यक्ष मनजीत सिंह मण्ड तथा महासचिव मुनीश कुमार लड्ढा ने बताया कि समिति द्वारा अभावग्रस्त परिवारों की कन्याओं का विवाह 9 मार्च, रविवार को करवाया जाएगा। इससे पहले 8 मार्च, शनिवार को जागो एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। सामूहिक विवाह समारोह हेतु युवक की आयु न्यूनतम 21 वर्ष तथा युवती की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी आवश्यक है।

प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी पर ग्रामीणों का ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। ग्राम पंचायत 22-23 एनडीआर के ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए, पंचायत समिति हनुमानगढ़ के ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच पर आरोप लगाया कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना में सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन नहीं कर रहे हैं। ज्ञापन में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरकार उन परिवारों को पक्के मकान बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिनके पास कच्चे मकान होते हैं या जिनकी छत पक्की नहीं है। ग्राम पंचायत 22-23 एनडीआर के चक 24, 27 और 28 एनडीआर के निवासियों ने आरोप लगाया कि ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच ने कई अपात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ दिया है। वे नियमों के विपरीत काम कर रहे हैं और अपात्र परिवारों को लाभ दे रहे हैं, जबकि पात्र परिवारों को इस योजना से वंचित किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केवल उन्हीं परिवारों को लाभ मिलना चाहिए, जिनके पास कच्चे मकान हैं, जिनके नाम पर कोई कृषि भूमि या वाहन नहीं है और जिनके पास राज्य सरकार द्वारा जारी पट्टा प्रमाण पत्र है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम को लेकर अनिश्चितकालीन महापड़ाव शुरू

जनमार्ग न्यूज

सूरतगढ़। प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम को लेकर उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करके अनिश्चितकालीन महापड़ाव शुरू किया । प्रधानमंत्री फसल बीमा रबी 2023 व खरीफ, 2024 फसल बीमा क्लेम कृषकों को दिलाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू , किसान नेता राकेश बिश्नोई, किसान नेता जसराम बुगालिया, सरपंच गिरधारी स्वामी, भोमाराम गोदारा, गुलाब लोहार, जयवर्धन सिंह, गगन विडिंग, नरेंद्र घिंटाला, परसराम भाटिया, ओम राजपुरोहित, अमित कड़वासरा, ओमप्रकाश गेदर, युवा नेता योगेश मेघवाल, लियाकत अली, सुमित गोदारा, मघानाथ, मांगीलाल गोदारा, जगदीश कौशिक, सुरेंद्र शर्मा, बालवीर, भोमाराम, कामरेड लक्ष्मण शर्मा, कामरेड सखी मोहम्मद, सहदेव जोशी, हेमराज भादू, सुमित गोदारा सहित सैकड़ो किसानों ने उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करके अनिश्चितकालीन महापड़ाव शुरू करके वक्ताओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा किसानों के बीमा क्लेम की राशि का भुगतान बीमा कंपनी को करना पड़ेगा, बीमा कंपनी बार-बार अड़चने डालकर आपत्ति लगाकर बीमा क्लेम किसानों को देना नहीं चाहती। अब किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे किसानों को बीमा क्लेम नहीं दिया गया तो किसान अपनी जायज मांगों को लेकर किसी भी हद तक जा सकते हैं। सूरतगढ़ तहसील के पटवार मंडल, राजियासर, रस्तासर, सोमासर, मोकलसर, मालेर, लालगढ़िया, कानौर, किशनपुरा में क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा निर्धारित आपत्तियां रवि 2023 की आपत्ति लगाई गई थी, फसल कटाई पर जो आपत्ती जताई गई थी जो निराधार है। जिला स्तरीय शिकायत निस्तारण समिति की बैठक में 19 नवंबर को बीमा कंपनी द्वारा ऑनलाइन को ऑब्जर्व द्वारा आपत्ति पत्र को संयुक्त निदेशक कृषि आयुक्त राजस्थान में लगाई गई। सभी आपत्तियों को जिला स्तर पर खारिज करने के बावजूद भी बीमा कंपनी बार-बार अपील करके किसानों को बीमा क्लेम नहीं देने के लिए परेशान कर रही है। खरीफ फसल 2024 में कंपनी ने क्रॉप कटिंग के समय पटवारी , कृषि सहायक क्षेमा जनरल इंश्योरेंस के अधिकारियों द्वारा संतुष्ट होकर क्रॉप कटिंग के समय वीडियो ग्राफी की गई थी, कंपनी के अधिकारी क्रॉप कटिंग के समय संतुष्ट थे, इसके बाद राजियासर, रतासर, प्रभात नगर, सोमासर आदि पर आपत्तियां लगाई गई जो निराधार है। कंपनी के अधिकारी संतुष्ट नहीं होकर फसल बीमा क्लेम किसानों को नहीं देना चाहती है। रबी 2023 में खरीफ 2024 का क्लेम इन आपत्तियों का निस्तारण कर शीघ्र किसानों के खाते में जमा करवाया जाए ताकि किसानों को आ रही फसल बीमा क्लेम की कठिनाइयों का सामाधान करने से राहत मिल सकती है। किसान नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा बीमा कंपनी के अधिकारियों की बदमाशी का खामियाजा प्रशासन और किसानों को भुगतना पड़ रहा है। शाम तक महापड़ाव सभा का दौर जारी रहा इसी दौरान आक्रोशित किसानों ने रणनीति बनाकर उपखंड कार्यालय का घेराव करने के लिए उग्र प्रदर्शन किया। पुलिस उप अधीक्षक प्रतीक मील, सिटी सी आई दिनेश सारण, सदर सी आई रामकुमार लेघा ने स्थिति को संभालते हुए उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ को वार्ता के लिए लेकर आए वार्ता के दौरान माहोल गर्म होने की वजह से उपखंड अधिकारी वापस लोट गए। उपखंड अधिकारी की मौजूदगी में क्षेमा बीमा कंपनी के जिला समन्वयक दिनेश कस्वा के साथ वार्ता करवाई लेकिन वार्ता में कोई समाधान नहीं निकला। किसान नेताओं ने बीमा कंपनी के स्टेट अधिकारी को बुलाकर वार्ता करने की बात कही, उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़, राजस्व तहसीलदार कुलदीप सिंह कस्वा ने बीमा कंपनी के स्टेट अधिकारियों से बात करके सूरतगढ़ वार्ता करने के लिए कहा। बीमा क्लेम की राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

ग्यारस की रात बाबा, आज थाण आणो है ....

❑ कल शनिवार से श्री श्याम दो दिवसीय एकादशी मेला ...

❑ बीकानेर के नरेश पंवार अपने भजनों से बाबा को रिझाएंगे

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर सुदामानगर में पावन श्रीश्याम दो दिवसीय एकादशी मेला कल शनिवार से प्रारंभ होगा

मंदिर के सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि इस महीने लगने वाले इस मेले के प्रति श्याम श्रद्धालुओं में बहुत उत्साह है । फाल्गुन महीना प्रारंभ होने से पहले ही श्याम प्रेमियों में फाल्गुन का उत्साह नजर आ रहा है।

शेरेवाला के अनुसार हजारों की संख्या में इस मेले में बाबा श्याम को ध्वजाएं अर्पित की जाएगी। इन ध्वजा यात्राऔ के लिए श्रद्धालुंओ मे विशेष उत्साह है। ध्वजावाहको का मंदिर प्रांगण पहुंचने पर स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा।

प्रात:काल से ही श्याम श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो जाएगा । मंदिर प्रांगण में ग्यारस के दिन श्रीगंगानगर जिले से श्याम प्रेमी दरबार में आते हैं और अपनी मन्नतै मांगते हैं । ग्यारस के दिन मंदिर प्रांगण पूरे दिन खुला रहेगा । पूरे दिन भर श्याम प्रेमी महिलाओं व पुरुषों द्वारा ताली संकीर्तन किया जाता है।

रात्रि 7 बजे से शहर के सभी प्रमुख भजन प्रवाहको जिसमें विशेष रूप से नरेश पंवार बीकानेर, के के शर्मा, विक्की शर्मा, संजय मित्तल, हनी बवेजा, पवन चलाना ,लविश चुग, पवन सेठी, राजन व अन्य द्वारा बाबा श्याम का विशाल श्याम संकीर्तन किया जाएगा। आये हुए श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार के भोग बाबा को लगाकर आए हुए श्रद्धालुंओ मे वितरित किए जायेगे।

अनुप शर्मा के स्थानान्तरण पर रोक

जनमार्ग न्यूज

रावतसर। रावतसर के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनुप कुमार शर्मा क्षेत्रीय वन अधिकारी-प्रथम को पूर्व में श्रीमान प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख), राजस्थान, जयपुर का आदेशांक कार्मिक/601-680 दिनांक 20 फरवरी 2024 द्वारा रेंज भादरा से रेंज रावतसर में पदस्थापित किया गया था. इसके उपरांत श्रीमान प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख), राजस्थान, जयपुर के आदेशांक- कार्मिक/774-810 दिनांक 22 फरवरी 2024 को रेंज रावतसर से रेंज डीडवाना में लगाये जाने के आदेश प्रसारित हुए, इस पर श्री शर्मा ने राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील की थी. जिसके फलस्वरूप राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर द्वारा स्थगन आदेश दिनांक 28.02.2024 जारी किया गया, जिसके उपरांत श्री शर्मा रेंज रावतसर में ही कार्यरत् रहे। पुन. श्रीमान प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन), राजस्थान, जयपुर ने दिनांक 15.01.2025 को विधि विरूद्ध रेंज नोखा में लगाए जाने के आदेश प्रसारित किये, जिसे अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता के तकों से सहमत होकर राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर ने श्री शर्मा की अपील स्वीकार करते हुए, दिनांक 15.01.2025 को श्रीमान प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन), राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी आदेश को पूर्व के स्थगन आदेश दिनांक 28.02.2024 का जिक्र करते हुए विधि विरूद्ध मानकर दिनांक 30.01.2025 को उक्त आदेश के विरूद्ध स्थगन आदेश जारी कर रावतसर रेंजर श्री अनुप शर्मा के स्थानान्तरण पर रोक लगा दी है।

ग्राम पंचायत किकरालिया के गठन की मांग, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। ग्राम पंचायत किकरालिया (2 केकेएम-ए) के ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इसे नवसृजित ग्राम पंचायत बनाए जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में किकरालिया ग्राम पंचायत रामपुरा मटोरिया (2आरपीएम) के अंतर्गत आता है, जो पंचायत समिति रावतसर की सबसे बड़ी ग्राम पंचायतों में से एक है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया कि किकरालिया को स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा दिया जाए, जिससे स्थानीय विकास को गति मिल सके। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि रामपुरा मटोरिया पंचायत में कुल 15 वार्ड, 7000 से अधिक मतदाता और 9500 की जनसंख्या है। इस पंचायत में कुल 22 राजस्व ग्राम शामिल हैं, और इसका भौगोलिक क्षेत्रफल 20 किलोमीटर से अधिक है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी पंचायत में प्रशासनिक कार्यों का प्रभावी संचालन कठिन हो जाता है। ग्रामीण संतराम मेघवाल ने बताया कि जनगणना 2011 के अनुसार ग्राम पंचायत रामपुरा मटोरिया की कुल जनसंख्या 7963 है। ग्रामीणों ने तर्क दिया कि किकरालिया और रामपुरा मटोरिया दोनों का क्षेत्रफल और आबादी लगभग समान है, इसलिए किकरालिया को एक अलग पंचायत के रूप में स्थापित किया जाना चाहिए। ग्राम किकरालिया में पहले से ही पंचायत स्तर की कई आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं, जिनमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, सहकारी समिति, उपस्वास्थ्य केंद्र, पटवार भवन, गौशाला, खेल मैदान और अन्य सरकारी संस्थान शामिल हैं। ग्रामीणों ने कहा कि उनके पास पंचायत कार्यालय और अन्य गतिविधियों के लिए पर्याप्त राजकीय भूमि भी उपलब्ध है। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान पंचायत मुख्यालय से किकरालिया की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है, जबकि प्रस्तावित नवसृजित पंचायत मुख्यालय से यह दूरी मात्र 7 किलोमीटर होगी। इससे ग्रामवासियों को पंचायत से जुड़े कार्यों में आसानी होगी और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंच सकेगा। ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों और ग्राम के मुखियाओं ने बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि किकरालिया को रामपुरा मटोरिया से अलग कर नवसृजित ग्राम पंचायत बनाया जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की, ताकि पंचायत स्तर पर सुविधाओं का समुचित विकास हो सके और लोगों को लाभ मिल सके। इस मौके पर विनोद गोस्वामी, संतलाल मेघवाल, काशीराम गोदारा, हरफूल पूनिया, घडीसीराम सिहाग, शीशपाल सिहाग, गुगनराम मेघवाल, विजयपाल नई, कृष्णचंदर डागला, विनोद सियाग, चुनिराम पूनिया, अमीचंद सियाग मौजूद थे।

जीएसटी कार्यालय भवन में शुरू हुई लिफ्ट सेवा

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। जिला मुख्यालय स्थित सरकारी कार्यालयों में संभवतः स्टेट जीएसटी कार्यालय यानी कर भवन एकमात्र दफ्तर है जहां पर लिफ्ट सेवा शुरू हो गई है। सिविल लाइन में पत्रकार कॉलोनी के सामने स्थित कर भवन में लिफ्ट का उद्घाटन वरिष्ठ कर अधिवक्ता ओमप्रकाश अग्रवाल ने किया। इस मौके पर उपायुक्त राजू गोदारा, उपायुक्त सुमित शेखावत, उपायुक्त शकुंतला शेखावत आदि ने कर भवन के लिए जगह चिन्हित व खरीद से लेकर भवन निर्माण और लिफ्ट सेवा को अंतिम रूप देने में वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश अग्रवाल के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। एडवोकेट ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहाकि अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए सुविधाजनक भवन व वातावरण जरूरी है, तभी वे प्रसन्नचित्त होकर सेवा कार्य कर सकते हैं। इस लिहाज से शुरू से मेरा प्रयास रहा कि यहां पर सभी सुविधाओं से युक्त भवन बने। सबके सहयोग से यह सुनिश्चित हो गया। उन्होंने बताया कि भवन के लिए 4 करो? 15 लाख 88 हजार रुपए बजट मिले थे। हमने इस तरह खर्च किए कि बाद में करीब 70 से 80 लाख रुपए बच गए जो बाद में लैप्स हो गए। कर भवन निर्माण में हर एक-एक सहुलियत का ध्यान रखा गया। एक लिफ्ट की कमी थी, आज वह भी पूरी हो गई। उपायुक्त राजू गोदारा, उपायुक्त सुमित शेखावत, उपायुक्त शकुंतला शेखावत आदि ने कहाकि हनुमानग? में कर अधिवक्ताओं एवम् सीए का सहयोग हमेशा मददगार साबित होता रहा है।

आओ उत्सव म्हारै बाबे को...' स्वर्णिम महोत्सव में लगी डिजिटल सवामणी

अखंड राम नाम संकीर्तन में भाव-विभोर होकर झूमे श्रद्धालु: भरत गर्ग

श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)। पुरानी आबादी उदाराम चौक स्थित सिद्धपीठ श्रीझांकी वाले बालाजी मंदिर के 5 दिवसीय अखण्ड राम नाम जाप 'आयो उत्सव म्हारै बाबे को...' स्वर्णिम महोत्सव में इस बार डिजिटल सवामणी लगाई गई है। सिद्धपीठ श्री झांकीवाले बालाजी महाराज के परम भक्त सेवादार भरत गर्ग ने बताया कि 'आयो उत्सव म्हारै बाबे को...' स्वर्णिम महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है तथा श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए विडियो कॉल द्वारा डिजिटल सवामणी भी लगाई जा रही है। भक्तों द्वारा इस अनूठी पहल को मुक्तकंठ से सराहा जा रहा है।

सिद्धपीठ श्री झांकीवाले बालाजी भजन मंडल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस स्वर्णिम महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सेवादार भरत गर्ग व उनकी टीम जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हुई है तथा अखंड राम नाम संकीर्तन 'सियाराम जय जय सियाराम, सियाराम जय राम जय जय राम...' पर सेवादार भरत गर्ग सहित सभी श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम रहे हैं। उन्होंने समस्त श्रद्धालु-भक्तों से 10 फरवरी, 2025 तक पुरानी आबादी उदाराम चौक स्थित सिद्धपीठ श्री झांकीवाले बालाजी मंदिर में आयोजित 'आयो उत्सव म्हारै बाबे को...' 5 दिवसीय अखण्ड राम नाम जाप एवं स्वर्णिम महोत्सव में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करने का आह्वान किया है।

ध्वजा यात्रा का किया स्वागत

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर सुदामानगर के श्याम प्रेमियों द्वारा सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर की ध्वजा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर प्रांगण से जुड़े सेवादारों ने ध्वजा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। मीरा चौक पर यह स्वागत व अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया। स्वागत के इस कार्यक्रम में के के शर्मा ,दीनदयाल शेरेवाला ,जसवंत सोडा ,अनिल गुप्ता ,श्रीकांत शर्मा, लवली गोयल, चंचल सोनी, अनिल जसूजा ,लीलाधर बंसल, राहुल शेरेवाला , नरेंद्र अग्रवाल,अमोल बसंल,रमन व अन्य श्रद्धालु सम्मिलित थे। मंदिर प्रांगण से जुड़े सेवादार इस ध्वजा यात्रा में राम नाम की धुन पर नृत्य कर बाबा को रिझा रहे थे।श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल की व्यवस्था भी श्याम प्रेमियों द्वारा की गई।

अग्रवाल संगठन ने स्वर्णिम महोत्सव में दो सवामणी लगाकर किया प्रसाद वितरण

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, श्रीगंगानगर द्वारा सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ धार्मिक सेवा कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई जा रही है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गोयल ने बताया कि पुरानी आबादी उदाराम चौक स्थित सिद्धपीठ श्रीझांकी वाले बालाजी मंदिर के 5 दिवसीय अखण्ड राम नाम जाप 'आयो उत्सव म्हारै बाबे को...' स्वर्णिम महोत्सव में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन द्वारा बालाजी महाराज को दो सवामणी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भव्य अलौकिक धर्म ध्वजा पदयात्रा में भी अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा श्रद्धापूर्वक सेवाएं दी गई। सालासर धाम से पधारे श्रीकृष्ण जी पुजारी तथा सिद्धपीठ श्री झांकीवाले बालाजी भजन मण्डल प्रेम अग्रवाल 'गुरुजी' ने संगठन पदाधिकारियों व सदस्यों की श्रद्धा व सेवा भाव की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए भरपूर आशीर्वाद प्रदान किया। इस पावन कार्य के प्रेरणास्त्रोत सिद्धपीठ श्री झांकी वाले बालाजी महाराज के परम भक्त भरत गर्ग रहे। इस अवसर पर राधेश्याम बंसल, प्रवीण गोयल, प्रवीण गुप्ता, मनीष गोयल, राजेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, मदन गुप्ता, अंकित डालमिया, भरत गर्ग, सतीश गुप्ता, रजत डुंगाबुंगा, दीपक शेरेवाला सहित अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

बाइक को टक्कर मारकर टैंकर में घुसी ट्रैवलर, 6 मृत

महू के मानपुर में 16 घायल; महाकाल दर्शन कर कर्नाटक लौट रहे थे तीर्थयात्री

इंदौर/महू (जनमार्ग न्यूज)। महू के पास मानपुर में एक ट्रैवलर ने पहले बाइक को टक्कर मारी, फिर टैंकर में जा घुसी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो घायलों ने इंदौर के एमवाय अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, एक्सीडेंट शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे हुआ। ट्रैवलर में सवार सभी यात्री कर्नाटक के बेलगाम जिले के रहने वाले हैं, जो महाकाल दर्शन कर लौट रहे थे। एमवाय अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 18 घायल लाए गए थे। इनमें से सागर (65) और नीतू (50) की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक बच्चे को पीआईसीयू में एडमिट किया गया है। बाकी लोग हड्डियां टूटने और चोट लगने के कारण एडमिट हैं। उनकी हालत ठीक है। मानपुर थाने के एसआई रवि के मुताबिक, राऊ-खलघाट हाईवे पर भेरुघाट उतर रही ट्रैवल्स ने अनियंत्रित होकर आगे चल रही बाइक को चपेट में ले लिया। इसके बाद टैंकर में पीछे से टक्कर मार दी।

दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। पुलकित कॉलेज फॉर हायर एजुकेशन में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान के सौजन्य से किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, शोधकर्ता और विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदीलाल मीणा ने उद्घाटन सत्र में कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार ही सतत विकास की कुंजी हैं। उन्होंने छात्रों और शोधकर्ताओं को प्रेरित किया कि वे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपने योगदान को बढ़ाएं। सम्माननीय अतिथियों में श्री शिवशंकर खड़गावत, डॉ. रमेश चंद्र बराला (उपनिदेशक, बागवानी, हनुमानगढ़), समाजसेवी डॉ. सुमन चावला एवं तरुण विजय उपस्थित रहे। इन गणमान्य व्यक्तियों ने कृषि, पर्यावरण एवं जैव प्रौद्योगिकी में सतत विकास की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। इसके अतिरिक्त, विशेष अतिथियों के रूप में डॉ. संतोष राजपुरोहित, डॉ. विशाल पारीक एवं डॉ. मनोज शर्मा भी सम्मेलन में उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता, जल स्त्रोतों और जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर गहन चर्चा की। वैज्ञानिकों ने सुझाव दिया कि जैविक खेती और पर्यावरण-अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाकर इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। सम्मेलन के पहले दिन 200 से अधिक प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए, पैनल चर्चाओं में भाग लिया और विभिन्न तकनीकी सत्रों में अपने विचार साझा किए।

ध्वजा पद यात्रा का स्वागत

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। श्री श्याम सेवा समिति श्री श्याम चौक द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झांकी वाले बालाजी मंदिर के स्वर्णिम महोत्सव के दौरान वीरवार को निकाली गई भव्य आलौकिक धर्म ध्वजा पद यात्रा का स्वागत श्री परशुराम चौक पर धूमधाम से किया गया।

समिति के सेवादार धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि इस पावन बेला पर परशुराम चौक की सफाई कर फूलों से सजाया गया। आरती व भोग लगा प्रसाद भक्तों में बांटा भारी पुष्प वर्षा की गई। यात्रा में गुरुजनों व संतो का मालार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर भारी संख्या में धार्मिक जन उपस्थित रहे।

कर्मचारी संयुक्त महासंघ का विभिन्न माँगों को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन आज

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा के निर्देशानुसार जिला शाखा श्रीगंगानगर से जुड़े सभी घटक संगठनों से जुड़े कर्मचारी 7 फरवरी शुक्रवार को सुबह 10 से सांय 4 बजे तक विभिन्न माँगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करेंगें व सांय 4 बजे जिला कलक्टर के मार्फत मुख्य सचिव राजस्थान सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा।

संघ के जिला संयोजक श्याम गोस्वामी ने बताया कि माँग-पत्र में पीएफआरडीए अधिनियम को निरस्त करते हुए राज्य कर्मचारियों के 53 हजार करोड़ रूपये जीपीएफ खाते में जमा किये जावें तथा राजस्थान में परिभाषित पुरानी पेंशन योजना यथावत रखी जावें, राज्य सरकार, बोर्ड, निगम, स्वायत्तषाषी संस्थाओं, पंचायतीराज एवं सहकारी संस्थाओं में कार्यरत कार्मिकों के लिये समान काम, समान वेतन की नीति लागू कर, पूर्व के वेतनमानों में उत्पन्न विभिन्न विसंगतियों का निराकरण कर, कार्मिकों का न्यूनतम वेतन रू. 26 हजार निर्धारित किया जावे, माह जनवरी 2020 से माह जून 2021 तक का मंहगाई भत्ते के एरियर का नकद भुगतान किया जावे, ग्रामीण क्षेत्र के कार्मिकों को मूल वेतन का 10 प्रतिषत ग्रामीण भत्ता स्वीकृत किया जावे,राज्य कर्मचारी, बोर्ड, निगम, पंचायतीराज एवं स्वायत्तषाषी संस्थाओं के कार्मिकों को सेवाकाल में 5 पदोन्नति के अवसर दिये जावें एवं समयबद्ध पदोन्नति की जावें। पदोन्नति के 5 अवसर नहीं होने की स्थिति में 7,14,21,28 एवं 32 वर्ष की सेवा पर पदोन्नति पद का वेतनमान स्वीकृत किया जावे,वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 06.10.2023 के बिन्दू संख्या 03 (II) में उल्लेखित प्रावधान ''कार्मिक पदौन्नति के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता नही रखते है उन्हें एमएसीपी का लाभ देय नही होगा'' को विलोपित किया जावे,सभी संविदा एवं आउटसोर्स पर नियुक्तियाँ बंद की जावें तथा सभी संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित किया जावें। समस्त विभागों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में रिक्त पदों को नियमित नियुक्तियों से भरा जावे तथा प्रत्येक विधालय में शारीरिक शिक्षक का पद सृजित किया जावे,सहायक कर्मचारी को एम.टी.एस. घोषित करते हुए न्यूनतम वेतन 26 हजार किया जावें। साथ ही राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में सहायक कर्मचारियों की भर्ती के लिए घोषित 60 हजार पदों पर शीघ्र भर्ती की जावें एवं सहायक कर्मचारियों का पदौन्नति कोटा 50 प्रतिशत किया जावे,वर्कचार्ज कार्मिकों को पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराये जावें,मंत्रालयिक कर्मचारियों को शासन सचिवालय, लोक सेवा आयोग एवं विधान सभा में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों के अनुरूप वेतन, भत्ते, पदोन्नति एवं अन्य सुविधाऐं प्रदान की जावें तथा मंत्रालयिक कर्मचारियों, सहायक कर्मचारियों एवं वाहन चालकों के लिए निदेशालय का गठन किया जावें। बैंक/बीमा की स्थानान्तरण नीति के अनुरूप राज्य कार्मिकों के लिऐ पारदर्शी एवं स्पष्ट स्थानान्तरण नीति लागू की जावें। तृतीय श्रेणी अध्यापकों के वर्षो से लम्बित स्थानान्तरण किये जावें तथा स्थानान्तरण में राजनैतिक हस्तक्षेप बंद किया जावें। सरकारी विभागों एवं सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में निजीकरण/पी.पी.पी. मॉडल आधारित व्यवस्थाओं को समाप्त किया जावें। सावर्जजनिक उपक्रमों को कमजोर करने के स्थान पर सुदृढ किया जावें तथा एन.ई.पी.-2020 को रद्द किया जावें। पुलिस सेवा के कार्मिकों एवं आपातकालीन सेवा के कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाष देना सुनिष्चित किया जावे एवं इनका कार्यषील समय निर्धारित किया जावें। पुलिस कार्मिकों की लम्बित पदोन्नतियां शीघ्र की जावें तथा इनकी समस्याओं के निराकरण के लिए उचित मंच/प्राधिकरण की पारदर्शी व्यवस्था की जावें।

श्याम गोस्वामी ने महासंघ के सभी घटक संगठनों से जुड़े कर्मचारियों से आह्वान किया है कि अपने हितों के रक्षार्थ शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष किए जाने वाले धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हावें ताकि एकजुटता से राज्य सरकार पर दवाब बनाया जाकर माँगों का निस्तारण करवाया जा सके । उन्होंने बताया कि 7 फरवरी को पूरे राजस्थान के जिला मुख्यालयों पर महासंघ की तरफ से धरना-प्रदर्शन किया जाकर मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन भेजा जाएगा।

मिड-डे-मिल वर्कर्स यूनियन ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। राजस्थान मिड-डे-मिल वर्कर्स यूनियन (सीटू) ने राज्य में कार्यरत मिड-डे-मिल वर्कर्स की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने सरकार से मजदूरी, मानदेय, सेवा स्थायित्व और अन्य सुविधाओं को लेकर जल्द से जल्द समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि मिड-डे-मिल वर्कर्स स्कूलों में बच्चों को गर्म और पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने का कार्य पूरी ईमानदारी से करते हैं, लेकिन उनकी स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है। उन्हें न तो नियमित कर्मचारी का दर्जा दिया जाता है और न ही न्यूनतम वेतन।यूनियन ने बताया कि वर्तमान में उन्हें मात्र 2003/- प्रति माह मिलते हैं, जो समय पर भी नहीं दिया जाता। कई मजदूरों को पिछले 6 महीनों से मानदेय नहीं मिला है। मुख्य मांगो में 6 महीने से बकाया मानदेय का तुरंत भुगतान किया जाए और हर महीने की 10 तारीख तक भुगतान सुनिश्चित किया जाए।,सरकार द्वारा शुरू की गई दूध योजना की राशि 500 प्रति स्कूल तत्काल दी जाए और जिन जिलों में यह भुगतान नहीं हुआ, वहां अविलंब किया जाए।, मिड-डे-मिल वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और 26,000 प्रति माह वेतन दिया जाए।, वर्कर्स को साबुन, तौलिया और साल में दो जोड़ी यूनिफॉर्म उपलब्ध कराई जाए।, प्रत्येक स्कूल में दो वर्कर्स नियुक्त किए जाएं और छंटनी किए गए वर्कर्स को पुनः बहाल किया जाए।, 60 साल की उम्र पर 5 लाख की एकमुश्त राशि और 10,000 मासिक पेंशन दी जाए।, कार्य के दौरान दुर्घटना पर 2 लाख और मृत्यु पर 10 लाख का मुआवजा दिया जाए।

शारीरिक शिक्षक संघ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

जनमार्ग न्यूज

जोधपुर। राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संगठन जिला शाखा जोधपुर शहर व जिला जोधपुर ग्रामीण इकाई ने प्रदेश कार्यकारिणी के तीसरी बार बने प्रदेश अध्यक्ष हापूराम चौधरी, दूसरी बार बने प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान व पहली बार प्रदेश संयुक्त संगठन मंत्री के पद पर दो वर्षों के लिए चुने गए महेंद्र जयपाल का कर्मचारी महासंघ कार्यालय पावटा जोधपुर में माला, साफा व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत सत्कार किया।

तीनों ही कर्मचारी प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों को विश्वास दिलाया कि शारीरिक शिक्षकों के हितों की रक्षार्थ हमेशा तत्पर रहेंगे और कर्मचारियों की आवाज सरकार तक पहुंचाएंगे, और जरूरत पड़ने पर संघर्ष भी करेंगे। स्वागत समारोह में ओमप्रकाश बेनीवाल, दिनेश सांखला, किशन मेघवाल ,रंजीत सांखला, रज्जाक मोहम्मद, आबाद अली, ओम सुख, मुन्ना राम चौधरी, रामेश्वर खींची, मितेंद सिंह, डॉ लूणाराम ,रामपाल, गोपाराम रामलाल जलवानिया, हनुमान भादू लुंबाराम वैष्णव, गौतम भाटिया उम्मीद बारसा, पदम सिंह, विमलेश, कविता , विजया ,कौशल्या ,नरेंद्र भूराराम चौधरी, दिनेश मेघवाल गोवर्धन सिंह शेखावत, कमल सारण तुलसीराम, आदि उपस्थित थे।

पुलिस ने 10 वाहनों के काटे

जनमार्ग न्यूज

चूनावढ़। श्रीगंगानगर-पदमपुर मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास पुलिस थाना चुनावढ़ ने गुरुवार को नाका लगाकर वाहनों के दस्तावेजों की जांच की और यातायात नियम में अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके चालान काटे। चूनावढ़ पुलिस थाना के एसएचओ मलकीयत सिंह ने टीम के साथ उनके दस्तावेज चेक किए। बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल व कार चला रहे चालकों को रोका और चालान किए और साथ ही दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान 10 वाहनों के चालान किए गए। जिसमें से 3 मोटरसाइकिल को संदिग्ध पायें जाने पर उसे सीज किए गए।

फिरोजपुर फीडर पुनर्निर्माण के लिए 200 करोड़ रूपये के बजट प्रावधान को किसान हितैषी निर्णय बताया

मुख्यमंत्री तथा जल संसाधन मंत्री का जताया आभार

जनमार्ग न्यूज

श्रीगंगानगर। भाजपा किसान मोर्चा, श्रीगंगानगर ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा फिरोजपुर फीडर पुनर्निर्माण के लिए वर्ष 2024-25 में 200 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान करने के निर्णय को किसान हितैषी बताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत का आभार व्यक्त किया है। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सतपाल कासनियां तथा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा ने कहा कि जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने विधानसभा में कहा है कि गंगनहर परियोजना की क्षतिग्रस्त नहरों की रिलाइनिंग के कार्यो के अन्तर्गत वर्तमान में 10 नहरों का रिलाइनिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 3 और नहरों का कार्य जाइका के अन्तर्गत प्रस्तावित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए वर्ष 2024-25 में 200 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण से गंगनहर में उचित क्षमता के साथ जल प्रवाह सुनिश्चित हो सकेगा। जिलाध्यक्ष सतपाल कासनियां तथा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा ने कहा कि फिरोजपुर फीडर पुनर्निर्माण से भरपूर फसल उत्पादन से किसान की आय बढ़ेगी। केन्द्र की लोकप्रिय नरेन्द्र मोदी सरकार तथा राज्य की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा किसानों के हित में लागू किसान कल्याणकारी योजनाओं से किसान समृद्ध व खुशहाल होगा।

लोक जनशक्ति पार्टी राजस्थान ने विधायक के पक्ष में समर्थन जताया

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। लोक जनशक्ति पार्टी राजस्थान ने गुरुवार को जिला कलेक्टर हनुमानगढ़ को ज्ञापन सौंपते हुए हनुमानगढ़ विधायक के पक्ष में समर्थन जताया। पार्टी ने आरोप लगाया कि विधायक ने विधानसभा में मूल ओबीसी के मुद्दे को उठाया, जिसके बाद कुछ जाट समाज के नेताओं ने इसे जातिवाद का मुद्दा बना दिया और विधायक के खिलाफ विवादास्पद बयान दिए। ज्ञापन में बताया गया कि हनुमानगढ़ विधायक को एक वर्ग ने ओबीसी के मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा था, जिसे लेकर जाट समाज के कुछ नेताओं ने विधायक को निशाना बनाते हुए समाज में विभाजन की कोशिश की। इन नेताओं ने विधायक के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया और उन्हें जाति में बाटने का आरोप लगाया। 5 फरवरी 2025 को जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने कुछ नेताओं ने मंच पर चढ़कर हनुमानगढ़ विधायक के खिलाफ आपत्तिजनक और भड़काऊ बयान दिए। इनमें यह भी कहा गया कि विधायक को जूते मारो और जब भी वह दिखाई दें तो उन्हें जूतो की माला पहनाओ। इस प्रकार के बयान जनप्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाले थे और समाज में हिंसा व तनाव फैलाने की कोशिश की गई।

विधायक के बयान के विरोध में सर्व समाज का धरना जारी

जनमार्ग न्यूज

हनुमानगढ़। जिले में सर्व समाज द्वारा विधायक के विवादित बयान के खिलाफ दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और विभिन्न समाजों के लोग शामिल हुए। सर्व समाज के नेताओं ने प्रशासन से विधायक पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का मुकदमा दर्ज करने की मांग दोहराई।

मामला तब सामने आया जब विधायक द्वारा जाट समाज पर मूल ओबीसी का हक छीनने का आरोप लगाया गया। यह बयान पूरे राजस्थान में चर्चा का विषय बन गया और विभिन्न समाजों ने इसे समाजिक सद्भाव के खिलाफ बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई। बुधवार को हनुमानगढ़ जिला कलेक्ट्रेट पर सर्व समाज द्वारा एक महापंचायत आयोजित की गई, जिसमें सभी ने एकमत से विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। प्रशासन को इस पर निर्णय लेने के लिए सात दिन का समय दिया गया, लेकिन संतोषजनक कार्रवाई न होने के कारण धरना जारी रहा।

धरने के दूसरे दिन बड़ी संख्या में युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हनुमानगढ़ जिले में हमेशा सामाजिक सौहार्द बना रहा है, लेकिन विधायक के इस बयान से समाज में दरार डालने की कोशिश की गई है। युवा नेता सिद्धार्थ बलिहारा ने कहा, ÷हनुमानगढ़ जिले में सदैव भाईचारा कायम रहा है, परंतु इसे जातिगत रंग देना निंदनीय है। विधायक जैसे जिम्मेदार पद पर रहते हुए इस तरह का बयान देना पूरे राजस्थान को शर्मसार करता है।÷

धरने पर बैठे लोगों ने प्रशासन से विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द उचित कदम नहीं उठाया, तो यह आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है। जिले के अन्य संगठनों ने भी इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है।

गुरुग्राम में तेज रफ्तार कैंटर पलटा: बाइक सवार नीचे दबा, मौत

ड्राइवर शीशा तोड़कर भागा

सोहना (जनमार्ग न्यूज)। गुरुग्राम में एक तेज रफ्तार कैंटर पलट गया। कैंटर के नीचे एक बाइक सवार आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसा सोहना-तावडू मार्ग पर गुरुवार को हुआ। तावडू की तरफ से आ रहा एक तेज रफ्तार कैंटर बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया और सड़क किनारे खड़े बाइक सवार पर जा गिरा।

हादसे में कैंटर लगभग 10 फुट तक सड़क पर घसीटता हुआ गया और बाइक सवार भगवानदास निवासी उत्तर प्रदेश कैंटर के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कैंटर चालक सामने का शीशा तोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पास से गुजर रहे वाहन चालकों ने पुलिस कंट्रोल रूम (112) को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा की मदद से कैंटर को उठाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर शव गृह में रखवा दिया। मृतक की पहचान उसके पास मिली आईडी से की गई है, हालांकि पुलिस परिजनों के आने के बाद ही पुख्ता पहचान की पुष्टि करेगी। पुलिस ने कैंटर को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश में जुटी है।

परीक्षा ड्यूटी में संवेदनहीनता पर शिक्षकों में आक्रोश, प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी

हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)। जिले के शिक्षक संगठनों ने पटवार विश्रांति भवन में संयुक्त बैठक कर परीक्षा ड्यूटी में प्रशासन की संवेदनहीनता पर नाराजगी जताई। बैठक में श्रीमती सुचित्रा साहू अध्यापक के साथ हुई घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई। गौरतलब है कि 4 फरवरी को राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा का आयोजन प्रदेशभर में हुआ था। इस दौरान परीक्षा ड्यूटी के दौरान शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार और अमानवीय व्यवहार की शिकायतें सामने आई। इसी संदर्भ में शिक्षक संगठनों ने प्रशासन पर असंवेदनशीलता का आरोप लगाया और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

बैठक में राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के जिला संयोजक मनसुख, राष्ट्रीय शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष दिनेश खिचड़, रेसला के जिला अध्यक्ष लोकेश सहारण, शिक्षक संघ शेखावत के जिला मंत्री राम निवास और उपाध्यक्ष दारा सिंह सहित कई शिक्षक नेता उपस्थित रहे। शिक्षक नेताओं ने स्पष्ट कहा कि 7 फरवरी को हजारों की संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी प्रशासन की असंवेदनशीलता के विरोध में ÷अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ÷ के धरने में शामिल होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो शिक्षक समुदाय प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ने को मजबूर होगा।

मैं रखैल नहीं, धनंजय मुंडे की पहली पत्नी हूं : किरण शर्मा

मुंबई (जनमार्ग न्यूज)। करुणा शर्मा ने मंत्री धनंजय मुंडे पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि आज मीडिया को जवाब देते हुए उन्होंने आंसू भरे स्वर में वाल्मिक कराड का नाम लिया। वाल्मिक कराड फिलहाल बीड के मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में जेल में हैं। करुणा शर्मा ने वाल्मिक कराड पर मारपीट और गलत तरीके से छूने का आरोप लगाया है। इससे काफी हलचल मच गई है। करुणा शर्मा ने कहा कि कलेक्टर के दफ्तर में गुंडों ने मेरी पिटाई की। वाल्मिक कराड जैसे गुंडे ने एक महिला के साथ मेरी भी पिटाई की थी। उसने मुझे गलत तरीके से छुआ था। लेकिन जब मैं घर आई और अपने बच्चों को बताया, तो मेरे पति ने उनसे कहा, नहीं। मम्मी झूठ बोल रही हैं। बच्चे भी यही मानते हैं। लेकिन एक महिला झूठी नहीं हो सकती।

मैं धनंजय मुंडे की पहली पत्नी हूं, यही मेरी लड़ाई थी: करुणा शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं रखैल होती तो 50 करोड़ रुपये का कन्सन्ट्रम हमारा हाईकोर्ट में फाइल है। आप इसे देख सकते हैं। मैं आपको इसकी एक प्रति दे सकती हूं। उन्होंने रोते हुए कहा कि मैं रखैल नहीं हूं। मैं धनंजय मुंडे की पहली पत्नी हूं। यही मेरी लड़ाई थी और मैं इसमें जीत गई हूं।

मेरे पास घर का किराया नहीं है: करुणा शर्मा ने कहा कि मैं आज भारतीय महिलाओं से अपील करती हूं कि उन्हें यह सोचकर चुप नहीं रहना चाहिए कि उनके सामने वाला व्यक्ति कितना बड़ा है। उसके पास कितना पैसा है। जब मैंने लड़ाई शुरू की, तो मेरे पास पैसे नहीं थे। मेरे पास घर का लोन था। मेरे पास सात महीने से घर का किराया देने के लिए पैसे नहीं हैं।

येरवडा जैसी जेल में 45 दिन तक रखा गया: करुणा शर्मा ने आरोप लगाया कि मेरी मां का निधन हो गया है। मेरी बहन के साथ भी शारीरिक दुर्व्यवहार किया गया। मुझे झूठे मामलों में दो बार जेल भेजा गया। मैं 45 दिनों तक येरवडा जैसी जेलों में रही। कोई भी मुझसे मिलने तक नहीं आया। मैं अकेली बैठी थी और बस आसमान को देख रही थी। मुझे अत्याचार के एक मामले में 45 दिनों तक जेल में रखा गया था। मुझे 16 दिनों तक बीड जेल में भी रखा गया था। करुणा शर्मा ने कहा कि गुंडे वाल्मिक कराड ने मेरे गाल पर थप्पड़ मारा। उसने मुझे गलत तरीके से छुआ और इस महाराष्ट्र में कोई भी ऐसा नहीं करता। मेरे परिवार के सदस्य चुप रहे। मैं आत्महत्या कर लेती। लेकिन लोगों ने मुझे मना लिया। करुणा शर्मा ने कहा कि मेरे परिवार में कोई भी ऐसा नहीं है जो अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया दे। मेरी मां थीं उनका भी निधन हो गया है। एक महिला के लिए लड़ना बहुत बड़ी बात है। मैं पिछले तीन सालों से अकेले लड़ रही हूं। मेरे पास पैसे भी नहीं थे। मैंने अपने सारे गहने बेच दिए हैं। मेरी स्थिति बहुत कठिन थी। मुंबई से बीड जाना, बीड से मुंबई आना, अकेले लड़ना बहुत मुश्किल था।

स्लीपर कोच बस से कंटेनर टकराया, एक की मौत

• जयपुर से श्रीगंगानगर आ रही थी स्लीपर बस

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। जयपुर से श्रीगंगानगर आ रही एक स्लीपर कोच बस की आज बड़े तड़के चुरू जिले के रतनगढ़ थाना क्षेत्र में मेगा हाईवे पर एक कंटेनर वाहन से भिड़ंत हो गई,जिससे एक युवक की मृत्यु हो गई और 22 लोग घायल हो गए।घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।सात ज्यादा घायलों को रतनगढ़ के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के पश्चात चूरू जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह भीषण दुर्घटना गुरुवार-शुक्रवार रात्रि लगभग 2 बजे रतनगढ़ थाना क्षेत्र में मेगा हाईवे पर टिडियासर टोल प्लाजा से लगभग 1 किलोमीटर पहले हुआ।पुलिस के अनुसार मृतक युवक की पहचान भीमसेन (35)के रूप में हुई है। उसे हालत गंभीर होने के कारण रतनगढ़ से जयपुर रैफर किया गया था। उसकी रास्ते में मृत्यु हो गई।भीमसेन सीकर जिले में इंदडा रूणिया सरसा का निवासी था। उसके शव को सीकर के सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवाया गया, जिसे बाद में पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया।रतनगढ़ पुलिस के मुताबिक घायलों में हनुमानगढ़ निवासी पूनम (21), मुकेश (25),निठार भरतपुर निवासी सुरेश (45), हिंडौन करौली निवासी शेखर (19), कोहला हनुमानगढ़ निवासी देवेंद्र (32), रूपनगर हनुमानगढ़ निवासी जफर हुसैन, मिर्जावाला मेर हनुमानगढ़ निवासी रीता (30), रावतसर निवासी नंदकिशोर (50), विनोद (47) मिर्जावाला श्रीगंगानगर निवासी नितेश नाई (25), वर्षा (08) अनसुईया (28), बींझबायला श्रीगंगानगर निवासी कृष्णलाल (52), डबली खुर्द निवासी भागीराम (42), हनुमानगढ़ जंक्शन निवासी केतन पंवार (20), पदमपुर निवासी नितिन (35),मिर्जावाला मेर निवासी अमित (30), डाबली कलां निवासी दीक्षित (19), शिवभगवान (35), गोपाल (35)चूरु निवासी रविंद्रसिंह और कोटा निवासी भरतराम इस हादसे में घायल हो गए। इनमें से सात घायलों को चूरू के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार कंटेनर और स्लीपर कोच बस के चालक अपनी सीटों पर बुरी तरह से फंस गए थे।उनको बड़ी मुश्किल से बाहर निकला गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर रतनगढ़ से सामाजिक कार्यकर्ता रामवीरसिंह राईका, संदीपसिंह भोजासर और जुगराज सामरिया आदि लोग निजी वाहन लेकर घटना स्थल पर पहुंचे।

शिक्षक की भूमिका अब बदल गई: डॉ. पीजी भास्करन

• सेठ जीएल बिहाणी एसडी पीजी कॉलेज में न्यू एज्यूकेशन पॉलिसी पर एफडीपी का आयोजन

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। सेठ जी. एल. बिहाणी एसडी पीजी कॉलेज में न्यू एज्यूकेशन पॉलिसी पर दो दिवसीय एफडीपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें नई शिक्षा नीति को लेकर आपसी विचार विमर्श किया गया। मुख्यवक्ता डॉ. पी.जी. भास्करन ने कहा कि नई शिक्षा नीति में शिक्षक की भूमिका में बदलाव किया गया है। पूर्व में शिक्षक का दायित्व विषय का ज्ञान देना था मगर आज उसकी भूमिका फेसीलेटर की हो गई हैं। एज्यूकेशन पॉलिसी में छात्रों को विभिन्न विषयों का चुनाव करने की स्वतंत्रता, बच्चों के लिए शिक्षा की अनिवार्यता, 10+2 संरचना को 5+3+3+4 में बदलने , अतिरिक्त स्कूल और कॉलेजों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा, मूल्यांकन सुधार रटने की बजाय कौशल और समझ आधारित मूल्यांकन, बहुविषयी संस्थान और रिसर्च को बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया गया है। इस कार्यशाला में बिहाणी शिक्षा ट्रस्ट के निदेशक राजेंद्र राठी, अकादमिक निदेशक डॉ. कविता चौधरी, एसडी पीजी कॉलेज के प्रचार्य डॉ. वरुण माहेश्वरी, उप प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार एवं कॉलेज स्टाफ मौजूद था।

ट्रेन की चपेट में आने से मौत

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। स्थानीय सदर थाना अंतर्गत चक 5-वाई के पास गुरुवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि एक युवक की रेलगाड़ी की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना मिलने पर रात्रि कालीन प्रभारी हवलदार सत्यनारायण कूकणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके की कार्यवाही के बाद लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया। मृतक युवक 20 से 25 वर्ष आयु का था, जिसके हाथ पर हिंदी में नाम अरुण गुदा हुआ था। उसके गले में चांदी के बालाजी वाला लॉकेट पहना हुआ था। पहने हुए कपड़ों में पहचान के लायक कुछ भी नहीं मिला। मृतक युवक की पहचान के लिए पुलिस ने उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया में जारी की। दोपहर बाद उसकी पहचान जवाहरनगर थाना इलाके में इंदिरा चौक के नजदीक अंबेडकर पार्क के पास रहने वाले अरुण धानका (23) के रूप में हुई। उसके पिता कालिया और परिवार के अन्य लोगों ने जिला अस्पताल के मुर्दाघर में जाकर लाश को पहचाना। पुलिस ने बताया कि कालिया द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है।

ससुराल से बहन के गायब हो जाने पर भाई ने हत्या करने का लगाया आरोप

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। स्थानीय ब्रह्म कॉलोनी में विवाहित अपनी बहन के ससुराल परिवार से गायब होने पर भाई ने उसकी हत्या कर दिए जाने का आरोप लगाया है।भाई द्वारा अदालत में दायर इस्तगासा के आधार पर महिला थाना पुलिस ने ससुराल वालों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के मुताबिक बसंती चौक के नजदीक लालचंद की ढाणी में गली नंबर तीन निवासी रामस्वरूप द्वारा अदालत में दायर इस्तगासा के आधार पर सुनील भाटी तथा उसके भाई अनिल भाटी आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। परिवादी रामस्वरूप ने बताया है कि वह 30 नवंबर 24 को अपनी बहन से मिलने ब्रह्म कॉलोनी उसके घर गया तो वह नहीं मिली।सुनील और अनिल से पूछा तो उन्होंने कहा कि दहेज की मांग पूरी नहीं करने के कारण उन्होंने उसे ठिकाने लगा दिया है। रामस्वरूप ने आशंका व्यक्त की है कि उक्त आरोपियों ने दहेज की मांग को लेकर और मांग पूरी नहीं होने पर उसकी बहन को जान से मार दिया। सबूत मिटाने के लिए लाश को कहीं छुपा दिया या जला दिया। उन्होंने अपने इस कृत्य को छुपाने के लिए पुलिस थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज करवा दी। उन्होंने क्या रिपोर्ट दर्ज करवाई है यह भी आरोपी पूछने पर नहीं बता रहे उसने अपनी बहन गीता को खोजने के काफी प्रयास किया लेकिन वह नहीं मिली। रामस्वरूप ने बताया है कि 6 वर्ष पहले गीता की शादी सुनील निवासी साधुवाली के साथ की गई थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज तथा स्त्री धन दिया था। शादी के कुछ समय बाद ही दहेज की मांग को लेकर गीता को सुनील और अनिल मारपीट करने लगे। उसे कई-कई दिन कमरे में भूख प्यास बंद रखा जाता था। मजदूरी करने के लिए लोगों के खेतों में जाने के लिए उसे पर दबाव बनाया जाता था ताकि वह अपने माता-पिता से रुपए लेकर आए।

विवाहिता से दुष्कर्म करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। रामसिंहपुर थाना पुलिस ने एक युवक को एक विवाहिता से दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि विगत 21 दिसंबर को एक विवाहिता द्वारा अदालत में दायर किए गए इस्तगासा के आधार पर दर्ज मुकदमे की जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपी पवन जाट (30) निवासी चक 17-जीएम गोमावाली को गिरफ्तार किया गया है। अदालत में पेश करने पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पीड़िता ने दर्ज मुकदमे में बताया कि एक दिन वह नहा रही थी तो पवन ने मोबाइल फोन से उसका चुपके से वीडियो बना लिया।

बीसीए के छात्रों का दल रूपनगर रवाना

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। बिहाणी चिल्ड्रन्स एकेडमी में सीबीएससी और आईबी बोर्ड के 6 बच्चों का एक दल आईआईटी रूपनगर के लिए रवाना हुआ। ये सभी बच्चे रूपनगर में रोबोटिक्स कॉम्पीटिशन में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता तीन दिन चलेगी। शिक्षिका सुनीता सोबती एवं रोबोटिक्स टीचर जयसिंह गोर के नेतृत्व में रवाना हुए इस दल को प्राचार्य नलिनी धींगड़ा और प्रधानाध्यापिका आकांक्षा खुल्लर व स्टाफ ने विदाई दी।

वर्कशॉप से जीप चोरी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। स्थानीय सुखाडिया शॉपिंग सेंटर में एक हुड मेकर वर्कशॉप पर मरम्मत के लिए आई महिंद्रा डीआई मॉडल की जीप चोरी करने के आरोप में जवाहरनगर थाना पुलिस ने श्रीकरणपुर के एक युवक समीर शर्मा को गिरफ्तार किया है। समीर शर्मा बहुत ही शातिर वाहन चोर है। उसे पिछले हफ्ते ही पदमपुर पुलिस ने एक अन्य युवक के साथ मिलकर 9 मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जवाहरनगर थाना पुलिस उसे श्रीकरणपुर उपकरण गृह से प्रोडक्शन वारंट के आधार पर पूछताछ के लिए लेकर आई है। सुखाडिया शॉपिंग सेंटर में एक हुड मेकर वर्कशॉप पर 26 दिसंबर को सुरेंद्र निवासी 289 आरडी जिला बीकानेर अपनी डीआई मॉडल की जीप रिपेयरिंग के लिए लेकर आया था। वह जीप को वर्कशॉप पर छोड़कर बाजार चला गया। कुछ ही देर बाद एक युवक वर्कशॉप पर आया और मिस्त्री से बोला कि मालिक ने जीप लेने के लिए उसे भेजा है। मिस्त्री ने उसे चाबी दे दी और वह जीप लेकर चला गया। बाद में सुरेंद्र आया तो खुलासा हुआ कि कोई अज्ञात युवक जीप लेकर चला गया है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा तो एक युवक पास में ही एक मोटरसाइकिल पर आते और वहीं मोटरसाइकिल छोड़कर वर्कशॉप से जीप ले जाते हुए दिखाई दिया। उसके द्वारा वहां छोड़ गया मोटरसाइकिल भी कुछ देर पहले गौशाला रोड पर एक बैंक के आगे से चोरी किया गया था। यह मोटरसाइकिल भी पुलिस के एक सिपाही मनमोहन का था। सुरेंद्र की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ जीप चोरी करने का मुकदमा दर्ज किया गया जबकि मनमोहन सिपाही ने रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई। जीप चोरी की जांच कर रहे हवलदार गुरमेलसिंह ने बताया कि श्रीकरनपुर की गिल कॉलोनी निवासी समीर शर्मा ने उसी रोज ही चुराई हुई जीप श्रीकरणपुर में लावारिस छोड़ दी थी। समीर नशा करने का आदि है। वह पहले श्रीगंगानगर में हनुमानगढ़- सूरतगढ़ बाईपास पर स्थित एक बड़े अस्पताल में सिक्योरिटी इंचार्ज की नौकरी करता था। बाद में वह वाहन चोरी करने में लग गया। वह पहली बार पिछले हफ्ते पदमपुर पुलिस के हाथों पकड़ा गया। समीर और उसके एक साथी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के 9 मोटरसाइकिल बरामद किए थे। इसी दौरान ही पता चला कि समीर ने श्रीगंगानगर से युक्त जीप भी चोरी की थी।

वाटर वर्क्स की डिग्गी में मिली लाश

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। जिले के सीमावर्ती श्रीकरनपुर शहर के वाटर्स की डिग्गी में कल गुरुवार दोपहर एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान पूनाथाम भाट (21) के रूप में हुई जो कि 5 दिन से लापता था। परिवार वाले उसे तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल रहा था। पूनाराम श्रीकरणपुर निवासी कृष्णादेवी का दत्तक पुत्र था।कृष्णा देवी ने कल गुरुवार सुबह ही थाने में अपने दत्तक पुत्र पूनाराम के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसके कुछ देर बाद ही उसकी लाश वाटर्स की डिग्गी में मिली। इस संबंध में वॉटर वर्क्स के एक कर्मचारी रोहित द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है।

ग्राम पंचायतों में एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री शिविर जारी

जनमार्ग न्यूज।

किसान रजिस्ट्री शिविर

श्रीगंगानगर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर एग्रीस्टैक योजना में किसान रजिस्ट्री प्रोजेक्ट को सम्पूर्ण राजस्थान में लागू किया जाएगा। योजना के तहत श्रीगंगानगर जिले की ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर जारी है। शिविरों में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। शुक्रवार को जिले में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसान आईडी तैयार करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभान्वित किया गया। जिला कलक्टर डॉ. मंजू के निर्देश पर अधिकारियों ने फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं और अब तक हुए रजिस्ट्रेशन की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में 575 रजिस्ट्रेशन हुए।

आर्थिक तंगी से परेशान व्यक्ति ने की आत्महत्या

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र के चक 19-एच में आर्थिक तंगी से परेशान होकर तीन बच्चों के पिता ने खुदकुशी कर ली। उसने कल गुरुवार दोपहर घर के एक कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। उसके बच्चे स्कूल पढ़ने गए हुए थे। उसकी पत्नी घर से कुछ दूर नहर पर कपड़े तथा बर्तन धोने गई हुई थी। कुछ देर बाद वह वापस आई तो पति का शव फंदे पर लटका रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार मृतक हेतराम नायक (35) का सब पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया। उसके पिता कुरड़ाराम की रिपोर्ट पर मृत्यु दर्ज की गई है।जांच कर रहे हवलदार चैनसिंह ने बताया कि हेतराम मजदूरी करता था। पिछले कुछ दिनों से मजदूरी का काम नहीं मिलने के कारण वह परेशान था।

छात्रवृति योजना उड़ान के तहत चैक वितरण व जागरूकता शिविर आयोजित

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर कें निर्देशानुसार विशेष रूप से सक्षम बच्चों कों छात्रवृति के लिये संचालित योजना उड़ान के तहत श्रीगंगानगर न्यायक्षेत्र से 02 छात्रों को चयनित कर उन्हें 06 माही छात्रवृति के रूप में 15-15 हजार रूपये के चैक अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया द्वारा शुक्रवार को प्रदान किये गये। तेनगुरिया ने बताया कि यह छात्रवृति उक्त विशेष रूप से सक्षम दोनों छात्रों को कुल 02 वर्ष तक प्रदान की जावेगी जिसमें प्रति छात्र को 2500 रूपये मासिक की दर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीगंगानगर की ओर से अदा किये जावेंगे। एक छात्र के रूप सागर पुत्र शंकरलाल, कक्षा-प्रथम, तपोवन मनोविकास विधालय, श्रीगंगानगर तथा द्वितीय छात्र के रूप में कार्तिक पुत्र सुरेन्द्र, कक्षा-तृतीय, जुबिन स्पास्टिक होम, श्रीगंगानगर का चयन किया गया। इसी के साथ ही आलोक सुरोलिया, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, श्रीगंगानगर के निर्देशानुसार विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर अध्यक्षता गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया द्वारा की गई। विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तपोवन मनोविकास विधालय, श्रीगंगानगर में किया गया। जिसमें उपस्थित विशेष रूप से सक्षम बच्चों व विशेष शिक्षा के विधार्थियों को तेनगुरिया द्वारा माननीय नालसा व रालसा द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं व विधिक आयामों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर रोहताश यादव, चीफ, लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल, श्रीगंगानगर द्वारा मध्यस्थता कानून, नि:शुल्क विधिक सहायता व लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के बारे में उपस्थित सभी को विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम के दौरान सुमेर बरोड़, अध्यक्ष, तपोवन मनोविकास ट्रस्ट, दलजीत सिंह सचिव व मनोज चितलांगिया, कोषाध्यक्ष भी उपस्थित रहे जिनके द्वारा उक्त कार्यक्रम के फलस्वरूप तेनगुरिया का स्वागत व आभार व्यक्त किया गया। श्रीमती विनिता आहूजा, सचिव, जुबिन स्पास्टिक होम एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट, श्रीगंगानगर व दर्शना आहूजा, निदेशक व नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ ने तेनगुरिया व उनकी सहयोगी टीम का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर सहित तीन की मौत

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। बीकानेर जिले में पूगल थाना क्षेत्र में कल देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार एक किशोर समेत तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। पूगल पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान गांव रामडा निवासी जेठूसिंह (35), मुकंदसिंह (18)और पृथ्वीसिंह (14) के रूप में हुई है। यह तीनों कल देर रात डेलीतलाई से खरीदारी कर वापस अपने गांव रामडा जा रहे थे। रामडा से लगभग एक किमी पहले किसी तेज रफ्तार वाली गाड़ी की टक्कर लगने से तीनों बुरी तरह से घायल हो गए। राहगीरों ने तीनों को निकटवर्ती पूगल के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। पूगल पहुंचते पहुंचते तीनों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार अभी तक टक्कर मारकर फरार हुए वाहन का पता नहीं चला। उक्त मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने के प्रयास किया जा रहे हैं।तीनों के शव आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों के सुपुर्द कर दिए गए। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव रामडा में शोक छाया हुआ है तीनों मृतकों का आज दोपहर बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692